रोहतक
मंगलवार 13 अक्टूबर 2026
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
तृतीया वर्ष : 30, अंक : 250
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 33.3°C
न्यून. 15.0°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com

समाचार ही नहीं, विचार भी



7 जडेजा की छत्तीसगढ़ के खिलाफ 102 रन की धमाकेदार पारी

खबर संक्षेप

पटाखा गोदाम में आग अब तक चार की मौत

हिंगोली। महाराष्ट्र के हिंगोली जिले में पटाखा गोदाम में लगी आग में मरने वालों की संख्या सोमवार को चार हो गई। फायरफाइटर आकाश सांगले (26) की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। 5 अक्टूबर को आग बुझाने के दौरान हुए धमाके में वे बुरी तरह झुलस गए थे। इस धमाके में उनकी फायर टेंडर (दमकल गाड़ी) भी नष्ट हो गई थी। घनी आबादी वाले रिहायशी इलाके 'मारवाड़ी गली' में पटाखे रखने वाले एक गोदाम में भीषण आग लग गई थी। उस समय, आग और पटाखों के फटने से हुए लगातार धमाकों में तीन लोगों की मौत हो गई थी। *एजेंसी*

बंगला साहिब में हंगामा केजरीवाल पर केस



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने बंगला साहिब गुरुद्वारे में हंगामे के मामले में आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल और पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई। कमेटी ने आरोप लगाया कि शनिवार तो आप कार्यकर्ता और समर्थक गुरुद्वारे में घुसकर प्रदर्शन करने लगे, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। *एजेंसी*

पूर्व सीएम विजयन के खिलाफ 2 एफआईआर



तिरुवनंतपुरम। केरल में कथित सीएमआरएल रिश्वत मामले में सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने पूर्व सीएम पिनराई विजयन और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज कीं। वीएसीबी की विशेष जांच इकाई-1 ने ये प्राथमिकी दर्ज की हैं। पिनराई विजयन फिलहाल केरलम विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। यह कदम कानूनी सलाह और केरल उच्च न्यायालय के उस निर्देश के बाद उठाया गया है। *एजेंसी*

ईडी की कोलकाता में 8 ठिकानों पर छापेमारी



कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार सुबह कोलकाता में आठ ठिकानों पर छापेमारी की। दक्षिण कोलकाता के टॉलीगंज और शरत बोस रोड के आसपास स्थित कई परिसरों में तलाशी ली गई। केंद्रीय एजेंसी ने संदिग्ध वित्तीय धोखाधड़ी को लेकर यह रेड की और अधिक लाभ का वादा करके लोगों से करोड़ों रुपये जुटाने के मामले की जांच तेज कर दी है। *एजेंसी*

पुंछ में बारूदी सुरंग की चपेट में आने से 4 आतंकियों की मौत

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास घुसपैठ की कोशिश के दौरान बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से लश्कर-ए-तैयबा के एक शीर्ष कमांडर समेत चार आतंकियों के मारे जाने की खबर है। चारों आतंकियों की पहचान मोहम्मद इश्तियाक, मोहम्मद फैजान, मोहम्मद वकास और मोहम्मद असीम के रूप में हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आतंकियों का यह समूह सोमवार दोपहर बाद कृष्णा घाटी सेक्टर के नंगी टकरी इलाके में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था।

विपक्ष ने पहली बार सुप्रीम कोर्ट तक निकाला मार्च, एसआईआर और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ लगाई याचिका, 10 पार्टियों के 11 नेता शामिल

मार्च से 40 मिनट पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस की, राहुल बोले- ज्ञानेश के मैसेज आते हैं, वे मुझसे बात करना चाहते हैं

ज्ञानेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे राहुल, अब देने होंगे सबूत

विपक्षी सांसदों ने दिल्ली के बारह खंभा रोड से सुप्रीम कोर्ट की ओर मार्च निकाला। 500 मीटर पहले रोक दिया गया।

1 *राहुल गांधी बोले-विपक्ष का मार्च यह शिवजी की बारात है, इसमें कोई भी शामिल हो सकता है। हम लगातार विरोध करते रहेंगे।*

2 *ज्ञानेश को लेकर बोले-मैं उनसे कहना चाहता हूं, आप अपराधी नहीं हैं। आपसे बस करवाया जा रहा है। इस्तीफा दो और रास्ते से हट जाओ।*

नई दिल्ली (एजेंसी)। राहुल, प्रियंका, खड़गे के साथ अन्य विपक्षी सांसद सोमवार शाम अचानक सुप्रीम कोर्ट के अंदर पहुंचे। पहले विपक्षी सांसदों ने दिल्ली के बाराखंभा रोड से सुप्रीम कोर्ट की ओर मार्च निकाला था। उन्हें 500 मीटर पहले रोक दिया गया था। यह पहली बार है जब विपक्षी नेताओं ने किसी मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट तक मार्च निकाला। एसआईआर में गड़बड़ी के खिलाफ विपक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है, जिसमें राहुल गांधी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव समेत 11 विपक्षी नेता याचिकाकर्ता हैं। याचिका में भारत निर्वाचन आयोग के साथ मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू व विवेक जोशी को प्रतिवादी बनाया गया है। विपक्षी नेताओं ने एसआईआर प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाते हुए 'वोट चोरी' के आरोप लगाए हैं। साथ ही, उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग भी की है। मार्च के पहले राहुल गांधी ने 40 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा था कि विपक्ष का मार्च शिवजी की बारात की तरह है, इसमें कोई भी शामिल हो सकता है। रविवार को विपक्षी सांसदों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत को पत्र लिखा था और ज्ञापन सौंपने के लिए समय मांगा था। लेकिन सीजेआई ने मिलने से इनकार कर दिया।



लंबित मुद्दों पर मुझसे चर्चा न्यायिक मर्यादा के खिलाफ : सीजेआई



दिल्ली में सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन और पाबंदियों पर सीजेआई सूर्यकांत ने सोमवार को कहा- ये मेरा मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे सभी के लिए खुले हैं और कोई भी आम नागरिक या निर्वाचित जनप्रतिनिधि याचिका दाखिल कर सकता है। सीजेआई विज्ञान भवन में एक कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस बीच, सीजेआई का वह लेटर भी सामने आया जो उन्होंने रविवार को इंडिया ब्लॉक के नेताओं को मुलाकात से इनकार करने के लिए लिखा था। इसमें उन्होंने कहा कि विपक्ष जिन मुद्दों पर चर्चा करना चाहता है, वे पहले से सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन हैं। ऐसे में इनपर मीटिंग करना न्यायिक मर्यादा और नैतिकता के खिलाफ होगा।

ज्ञानेश को इस्तीफा देकर 'सरकारी गवाह' बनना चाहिए : राहुल



राहुल गांधी ने सोमवार को दावा किया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने उनसे बात करने की कई बार कोशिश की है। दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक सवाल के जवाब में राहुल बोले- हां उनके मैसेज आते हैं। ज्ञानेश कुमार यह प्रेस कॉन्फ्रेंस देख रहे हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं आप अपराधी नहीं है, आपसे बस करवाया गया है। सबसे आसान रास्ता है कि इस्तीफा दो और रास्ते से हट जाओ। राहुल ने कहा- दिल्ली को जेल बना दिया गया है। ये पुलिस वाले डिस्टर्ब हैं। ये कह रहे हैं कि हमसे युवाओं को क्यों पिटवाया जा रहा है। वे कह रहे हैं कि युवाओं को रोकने को कहा जा रहा है।

कांग्रेस की हार के लिए निर्वाचन आयोग नहीं, पार्टी नेतृत्व जिम्मेदार : शिवराज



केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से उच्चतम न्यायालय तक निकाले जाने वाले मार्च को नौटंकी करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपनी चुनावी हार का दोष निर्वाचन आयोग पर मढ़ती रही है, जबकि इसके लिए असल में उसका खुद का विचार-शून्य नेतृत्व जिम्मेदार है। शिवराज ने यहां भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के खिलाफ कांग्रेस के आंदोलन को शिव की बारात बताने के लिए राहुल की आलोचना की।

केरलम कांग्रेस ने एक्स पर सीजेआई का इस्तीफा मांगा, बाद में पोस्ट हटाई

भाजपा ने कांग्रेस पर सीजेआई सूर्यकांत को धमकाने और संवैधानिक संस्थाओं का अनादर करने का आरोप लगाया है। यह राजनीतिक घमासान कांग्रेस के केरलम इकाई द्वारा सोशल मीडिया एक्स पर किए गए पोस्ट के बाद शुरू हुआ, जिसमें उन्होंने सीजेआई से इस्तीफा देने की मांग की थी। कांग्रेस की केरलम इकाई ने अपने पोस्ट में लिखा, प्रिय सूर्य कांत, अगर कानून-व्यवस्था आपके अधिकार क्षेत्र में नहीं है, तो अभी इस्तीफा दे दें। हालांकि बाद में पोस्ट को हटा लिया। पोस्ट में लिखा, हम आपकी जगह किसी ऐसे व्यक्ति को ढूंढ लेंगे जो इसे संभाल सके।

> पोस्ट में लिखा, हम आपकी जगह किसी ऐसे व्यक्ति को ढूंढ लेंगे जो इसे संभाल सके।

अब जंतर-मंतर पर नहीं कर पाएंगे धरना-प्रदर्शन

खास बातें

1. सरकार ने निर्धारित प्रदर्शन स्थल की लिस्ट से हटाया
2. रामलीला मैदान, बुराड़ी ग्राउंड और पूर्वी दिल्ली का सीबीडी ग्राउंड प्रदर्शन स्थल बनाए

नई दिल्ली। दिल्ली के जंतर-मंतर पर अब प्रदर्शन नहीं हो सकेंगे। केंद्र सरकार ने इसे निर्धारित प्रदर्शन स्थल की लिस्ट से हटा दिया है। सरकार ने 33 साल पहले जंतर-मंतर को प्रदर्शन की जगह तय की थी। गृह मंत्रालय की बनाई कमेटी की सिफारिश पर दिल्ली का रामलीला मैदान, बुराड़ी ग्राउंड और पूर्वी दिल्ली का सीबीडी ग्राउंड प्रदर्शन स्थल बनाए गए हैं। यहीं पर अन्ना आंदोलन, पहलवानों का प्रदर्शन, कॉकरोच पार्टी का धरना हुआ था।

गृह मंत्रालय ने कमेटी बनाई थी

गृह मंत्रालय ने विरोध-प्रदर्शन और धरना आयोजित करने के लिए वैकल्पिक स्थानों की पहचान करने के उद्देश्य से एक कमेटी बनाई थी। समिति की सिफारिशों के बाद इन तीनों स्थानों को प्रदर्शन के लिए निर्धारित किया गया है। रामलीला मैदान, बुराड़ी ग्राउंड और सीबीडी ग्राउंड में धरना-प्रदर्शन आयोजित करने की प्रक्रिया और नियमों को लेकर संशोधित मानक संचालन प्रक्रिया अलग से जारी की जाएगी। फिलहाल आदेश में इन दिशा-निर्देशों का विस्तृत विवरण नहीं दिया गया है।

क्रेशर प्लांट को लेकर चल रहे विवाद में वारदात

भाजपा के पूर्व विधायक भड़ाना को राजस्थान में पीट-पीटकर मार डाला

फरीदाबाद के पाली गांव के रहने वाले थे अतर सिंह

2003 में बयाना से भाजपा के टिकट पर बने थे विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद



लोगों ने लाठी और पत्थरों से किया हमला

राजस्थान के भरतपुर जिले की बयाना सीट से पूर्व विधायक अतर सिंह भड़ाना (68) की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मूल रूप से हरियाणा के फरीदाबाद स्थित पाली गांव के रहने वाले अतर सिंह रविवार शाम राजस्थान के भौंड़ा गांव स्थित अपने क्रेशर प्लांट पर पहुंचे थे। यहां क्रेशर प्लांट को लेकर उनका ग्रामीणों से करीब 4 साल से विवाद चल रहा था। ग्रामीणों का आरोप है कि अतर सिंह ने जमीन पर अतिक्रमण कर रखा था और अवैध खनन कर रहे थे। इसके अलावा लीज के रास्ते को लेकर भी विवाद था। आरोप है कि रविवार शाम कुछ ग्रामीणों ने अतर सिंह और उनके सहयोगी गगन शर्मा पर हमला कर दिया। अतर सिंह को वैर अस्पताल से जयपुर के एसएमएस अस्पताल में रेफर किया गया। जहां रात 11:30 बजे उनकी मौत हो गई। अतर सिंह 2003 में बयाना से भाजपा के टिकट पर विधायक बने थे। भड़ाना पर हमले के बाद भौंडा गांव में पुलिस बल तैनात है। सोमवार शाम को पैतृक पाली गांव में भड़ाना का अंतिम संस्कार किया गया। बेटे अर्जुन ने चिता को अग्नि दी। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर भी पहुंचे।

सितंबर में बढ़कर 5.54% पर पहुंची

रिटेल महंगाई दो साल के उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली (एजेंसी)। सितंबर में रिटेल महंगाई बढ़कर 5.54% पर पहुंच गई है। यह दो साल का उच्च स्तर है। अगस्त में यह 4.82% थी। आलू, प्याज, टमाटर जैसी सब्जियों और खाने-पीने की चीजों के दाम चढ़े हैं। मिडिल ईस्ट में तनाव की वजह से कच्चा तेल भी महंगा हुआ है। इन कारणों से महंगाई लगातार 11वें महीने बढ़ी है। महंगाई पर लगाम लगाने के लिए आरबीआई ने इसी महीने 2023 के बाद पहली बार ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। आरबीआई ने साफ कर दिया है कि मौजूदा हालात को देखते हुए आने वाले समय में ब्याज दरों में कटौती की कोई संभावना नहीं है। बैंक की आगे की नीति या तो ब्याज दरें बढ़ाने की होगी या फिर इन्हें इसी स्तर पर बरकरार रखा जाएगा।



महंगाई की दर

- खाने-पीने की चीजों की महंगाई 5.97% से बढ़कर 7.74% हो गई है।
- शहरी महंगाई 4.31% से बढ़कर 4.88% हो गई है।
- ग्रामीण महंगाई 5.24% से बढ़कर 6.08% पर पहुंच गई

राष्ट्रपति मुर्मू ने की छह राज्यों में नए गवर्नरों की नियुक्ति

रेवाड़ी की डॉ. सुधा कर्नाटक की राज्यपाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को 6 राज्यों में नए राज्यपाल नियुक्त किए। ओम प्रकाश माथुर को केरल का राज्यपाल बनाया गया है। वहीं तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र वि श्व ना थ आर्लेकर होंगे। वहीं, रेवाड़ी की डॉ. सुधा यादव को कर्नाटक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बृज मोहन राम ओडिशा, एमपी के डॉ. ढाल सिंह बिसेन उत्तराखंड और दिल्ली के रहने वाले दुष्यंत कुमार गौतम सिक्किम के गर्वनर होंगे। डॉ. सुधा यादव भाजपा की वरिष्ठ नेता हैं। उनका जन्म 16 अक्टूबर 1965 को हरियाणा के रेवाड़ी जिले में हुआ था। वे 1999 में महेंद्रगढ़ से लोकसभा सांसद चुनी गईं और 2004 तक इस पद पर रहीं। अगस्त 2022 में उन्हें भाजपा के संसदीय बोर्ड में शामिल किया गया। वहीं, दुष्यंत कुमार गौतम 2020 में हरियाणा से राज्यसभा सांसद चुने गए थे।



ओम माथुर को केरल, राजेंद्र विश्वनाथ तमिलनाडु, बृज मोहन ओडिशा डॉ. ढाल सिंह उत्तराखंड और दुष्यंत गौतम सिक्किम के गर्वनर होंगे

पीएम मोदी के भरोसेमंद सहयोगियों में शामिल

प्रधानमंत्री मोदी के भरोसेमंद सहयोगियों में गिनी जाने वाली सुधा यादव फिलहाल भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य हैं। राज्यपाल के रूप में उनकी नई भूमिका को एक अहम पड़ाव माना जा रहा है। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। वहीं, हरियाणा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला कर्नाटक में पार्टी के प्रभारी हैं। ऐसे में अब कर्नाटक की सत्ता के दो महत्वपूर्ण राजनीतिक संदर्भों में हरियाणा का जुड़ाव दिखाई देगा। हालांकि राज्यपाल का पद दलगत राजनीति से ऊपर है।

कारगिल युद्ध में पति को खोया

डॉ. सुधा यादव का राजनीतिक सफर संघर्ष और संयोग, दोनों से जुड़ा रहा है। उनके पति सुखबीर सिंह यादव सीमा सुरक्षा बल में डिप्टी कमांडेंट थे और कारगिल युद्ध में बलिदान हो गए थे। वर्ष 1999 में जब मोदी हरियाणा भाजपा के प्रभारी थे, तब उन्होंने सुधा यादव को लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार बनाने का प्रस्ताव दिया।

हार्दिक बधाई

पूर्व सांसद एवं भाजपा की वरिष्ठ नेत्री सुधा यादव को कर्नाटक की राज्यपाल और दुष्यंत कुमार गौतम को सिक्किम का गर्वनर नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई। आपके मार्गदर्शन में कर्नाटक व सिक्किम विकास के नए आयाम स्थापित करेंगे। नए उत्तरादायित्व हेतु हार्दिक मंगलकामनाएं।

- कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व वित्त मंत्री

27 अक्टूबर तक जवाब तलब

कैंसर की दवाओं पर 30% से ज्यादा मुनाफे पर रोक

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने कैंसर की दवाओं पर मुनाफा 30% तक सीमित करने के केंद्र के फैसले पर सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि सरकार के जवाब में खुश होने जैसा कुछ नहीं है। कोर्ट ने पूछा कि जब कैंसर की दवाओं पर मार्जिन तय किया जा सकता है, तो दूसरी दवाइयों की कीमत पर कंट्रोल क्यों नहीं होता। केंद्र ने बताया कि कैंसर दवाओं पर मुनाफे की सीमा तय करने से मरीजों को सालाना करीब 2,500 करोड़ रुपये की बचत होने की उम्मीद है। कोर्ट ने दवाओं की कीमत तय करने के तरीके पर जानकारी देने के लिए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को 27 अक्टूबर तक का समय दिया। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी पेश हुए। बेंच ने सवाल किया कि जब परिवहन, रिसर्च और अन्य खर्च एमआरपी में शामिल हैं, तो दवाएं असली लागत से 400 गुना ज्यादा कीमत पर बेचने की अनुमति क्यों है?

सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- दूसरी दवाइयों की कीमत पर कंट्रोल क्यों नहीं

रिसर्च से समझाया-महंगाई रोकना मुश्किल क्यों, अर्थव्यवस्था कैसे होती है प्रभावित

आर्थिक झटकों से निपटने के लिए मॉडल विकसित करने वाले दो अर्थशास्त्रियों को नोबेल पुरस्कार

रॉबर्ट और माइकल ने नीतियां बनाने में की मदद

एजेंसी ▶▶| स्टॉकहोम

2026 का अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार अमेरिकी अर्थशास्त्रियों रॉबर्ट ई. हॉल और माइकल वुडफोर्ड को मिला है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने सोमवार को इसकी घोषणा की। दोनों को कुल 1.2 करोड़ स्वीडिश क्रोनर यानी 11.5 करोड़ रुपये की राशि बराबर बांटी जाएगी। दोनों को यह सम्मान ऐसे आर्थिक मॉडल विकसित करने के लिए दिया गया है, जिनसे मंदी और महंगाई जैसी समस्याओं से निपटने के लिए बेहतर नीतियां बनाने में मदद मिलती है। उनकी रिसर्च बताती है कि लोगों के खर्च और कंपनियों के फैसले अर्थव्यवस्था को कैसे प्रभावित करते हैं। इससे सरकारों और केंद्रीय बैंकों को यह समझने में मदद मिलती है कि आर्थिक संकट के समय कौन-से कदम उठाए जाने चाहिए।

महामारी और ऊर्जा संकट के दौरान भी इसका लाभ मिला

आर्थिक स्थिरता की नीतियों का आधार तैयार किया

जब लोग खर्च कम कर देते हैं, तो बाजार में सामान और सेवाओं की मांग घट जाती है। ऐसे में कंपनियों को अपना उत्पादन कम करना पड़ सकता है। इससे नई भर्तियां रुक सकती हैं और कुछ कर्मचारियों की नौकरी भी जा सकती है। अर्थशास्त्री जॉन मेनार्ड कीन्स ने करीब 100 साल पहले बताया था कि अर्थव्यवस्था में मांग कम होने पर सरकार खर्च बढ़ाकर हालात सुधारने में मदद कर सकती है। इससे कारोबार को सहारा मिलता है और रोजगार के मौके बढ़ सकते हैं। रॉबर्ट हॉल की रिसर्च ने इस बात को समझने में मदद की कि परिवार अपनी कमाई और भविष्य की उम्मीदों के आधार पर खर्च तय करते हैं। अगर लोगों को लगता है कि आगे उनकी आमदनी घट सकती है, तो वे आज ही खर्च कम कर सकते हैं। जब बहुत से परिवार ऐसा करते हैं, तो इसका असर पूरी अर्थव्यवस्था पर पड़ता है।





खबर संक्षेप

उद्योग लगाने की अनुमति लेना हुआ आसान

चंडीगढ़। प्रदेश में उद्योग लगाने के लिए जमीन के इस्तेमाल की अनुमति लेने की प्रक्रिया आसान होगी। राज्य सरकार ने औद्योगिक परियोजनाओं के लिए ऑनलाइन स्व-प्रमाणन की व्यवस्था की है। इसके तहत आवेदक अपनी जानकारी, जरूरी दस्तावेज और निर्धारित शर्तों से जुड़े प्रमाण खुद प्रस्तुत कर सकेगा। इस प्रक्रिया के तहत मिलने वाली अनुमति को नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग के निदेशक की ओर से दी गई अनुमति के बराबर माना जाएगा। हरियाणा सरकार ने स्व-प्रमाणन के साथ आवेदक की जिम्मेदारी भी तय की है। यदि कोई व्यक्ति गलत जानकारी देता है, जरूरी तथ्य छिपाता है या भ्रामक दस्तावेजों के आधार पर अनुमति प्राप्त करता है, तो वह अनुमति शुरू से ही अमान्य मानी जाएगी।

मंडियों में धान की फसल हो रही बर्बाद : इनेलो

चंडीगढ़। इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने हरियाणा के पिहोवा, लाडवा, इस्माइलाबाद, चीका, कैथल सहित अनेक क्षेत्रों में बारिश के कारण मंडियों में पड़ी किसानों की फसल खराब होने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बीजेपी सरकार की लापरवाही का खामियाजा प्रदेश का किसान बार-बार भुगत रहा है। हर बार बारिश किसानों की मेहनत पर पानी फेर देती है, लेकिन सरकार पिछली घटनाओं से सबक लेने और पुख्ता इंतजाम करने के बजाय मूकदर्शक बनी रहती है।

फल-सब्जियों के प्रसंस्करण पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित



करनाल। उद्यान प्रशिक्षण संस्थान, उचानी, करनाल उचानी के अंतर्गत फल एवं सब्जियों का प्रसंस्करण, परिरक्षण एवं मूल्य संवर्धन विषय पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं वेबिनार सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की कोर्डिनेटर डॉ. प्रतिभा ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में 51 महिला प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को फल एवं सब्जियों के कटाई उपरांत प्रबंधन, प्रसंस्करण, परिरक्षण तथा मूल्य संवर्धन की वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक तकनीकों से अवगत कराना था। डॉ. प्रतिभा ने बताया कि महिलाओं को मशरूम का अचार, नींबू का अचार, आंवले का अचार, करेला का अचार तथा हरी मिर्च के विभिन्न प्रकार के अचार बनाने की विधियां बताई गई। इसके अतिरिक्त, प्रतिभागियों ने टमाटर की चटनी व अन्य उत्पाद बनाने की ट्रेनिंग दी।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बिजली निगमों के अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

बिजली कर्मचारियों को 500 रुपये मासिक जोखिम भत्ता मिलेगा : सीएम

6105 गांवों में मिल रही 24 घंटे बिजली, नौकरी की सुरक्षा संबंधी औपचारिकताएं एक सप्ताह में पूरी करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बिजली निगमों के कर्मचारियों को 500 रुपये मासिक जोखिम भत्ता देने की घोषणा की है। इसके साथ ही उन्होंने युवाओं की नौकरी की सुरक्षा से संबंधित आवश्यक औपचारिकताएं एक सप्ताह में पूरी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिकों को निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध करवाना सरकार का दायित्व है। बिजली निगमों के अधिकारी बिजली आपूर्ति से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता दें और उपभोक्ताओं को समय पर सुविधाएं उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री सोमवार को चंडीगढ़ में बिजली निगमों के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी और अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल सहित बिजली निगमों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने, कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने, सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाने से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुग्राम एक प्रमुख महानगर है। यहां ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों के रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के माध्यम से उपभोक्ताओं को महंगी दरों पर बिजली आपूर्ति किए जाने की शिकायतें मिल रही हैं। इस पर उन्होंने निगमों के वरिष्ठ अधिकारियों को संबंधित आरडब्ल्यूए के साथ बैठक कर उचित मानक तय करने और उपभोक्ताओं के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गुरुग्राम के सेक्टर-57 स्थित 220 केवी सब स्टेशन में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने, सेक्टर-38 के पावर हाउस की चारदीवारी बनाने तथा घरौंडा और नांगल चौधरी के सब स्टेशनों में नियंत्रण कक्ष स्थापित करने के कार्य जल्द पूरे करने को कहा। मलिकपुर और मानेसर के सब स्टेशनों की चारदीवारी का काम भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

सरकारी भवनों और नए स्कूलों पर लगेंगे सोलर प्लांट

बैठक में मुख्यमंत्री को बताया गया कि बस स्टैंड, स्कूलों, चिकित्सा संस्थानों, शैक्षणिक संस्थानों और मिनी सचिवालयों सहित अन्य सरकारी भवनों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश के 13 जिलों में 25 मेगावाट क्षमता के संयंत्र लगाने की योजना पर भी काम किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इन परियोजनाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश में बनाए जाने वाले 248 नए स्कूल भवनों पर सोलर प्लांट लगाने और सभी स्कूलों में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही यमुनानगर में 800 मेगावाट क्षमता का बिजली संयंत्र लगाने तथा झज्जर और पानीपत में अतिरिक्त बिजली उत्पादन संयंत्रों से संबंधित प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। हिसार के खेदड़ में एक और इकाई स्थापित करने के लिए काम चल रहा है।

खेतों की मेढ़ पर सोलर पैनल लगाने की योजना बनेगी

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान के तहत किसानों के खेतों की मेढ़ पर सोलर पैनल लगाने की योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे किसानों की आमदनी बढ़ाने का नया साधन विकसित हो सकेगा और प्रदेश को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कम लाइन हानि और बिजली बिलों का 100 प्रतिशत भुगतान करने वाले प्रत्येक जिले के एक गांव को पायलट परियोजना के तहत स्मार्ट गांव के रूप में विकसित करने की योजना बनाने को कहा। महानगरों में भी इस दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिल सके।

नशा तस्करों पर शिकंजा, नौ माह में 6824 आरोपी गिरफ्तार



चंडीगढ़। हरियाणा सरकार प्रदेश में नशा तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई को और प्रभावी बनाने के लिए विशेष साइबर जांच, ड्रग कार्टेल की वित्तीय गतिविधियों की निगरानी, दवाओं एवं रसायनों के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने तथा अभियोजन प्रक्रिया में तेजी लाने पर विशेष जोर दे रही है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में सोमवार यहां हुई हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) की उच्चस्तरीय बैठक में इन पहलों की समीक्षा की गई। एचएसएनसीबी चेयरमैन संजय कुमार ने बताया कि प्रदेश में अब तक 71 ड्रग कार्टेल की पहचान की गई है तथा उनके नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए कार्रवाई जारी है। एडीजीपी ने बताया कि हरियाणा पुलिस ने जनवरी से सितंबर 2026 के दौरान एनडीपीएस एक्ट के तहत 3,809 मामले दर्ज किए और 6,824 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में मामलों में 39.93 प्रतिशत तथा गिरफ्तारियों में 26.53 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। पुलिस हर मामले की गहराई से पड़ताल कर रही है।

- 71 ड्रग कार्टेल चिह्नित, 19 .52 करोड़ की संपत्तियां अटैच : रस्तोगी

मकानों की गिनती का काम पूरा, अब जनगणना की तैयारी

■ दूसरे चरण के लिए 87 हजार से अधिक कार्मिकों की होगी तैनाती



चंडीगढ़ । प्रदेश में जनगणना के पहले चरण में मकानों की गिनती और सूचीकरण का काम पूरा हो गया है। अब दूसरे चरण की तैयारी है, जिसमें परिवार के लोगों की गिनती की जाएगी। आमजन 10 से 24 जनवरी तक स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद 25 जनवरी से 28 फरवरी तक घर-घर जाकर जनसंख्या की गणना होगी। जनगणना की राज्य नोडल अधिकारी डॉ. सुमिता मिश्रा ने सोमवार को प्रधान जनगणना अधिकारियों के सम्मेलन में यह जानकारी साझा की। एक से पांच मार्च तक पांच दिवसीय पुनरीक्षण अभियान प्रस्तावित है, जिसमें छूटे हुए व्यक्तियों की पहचान, विसंगतियों का सुधार और व्यापक कवरेज सुनिश्चित की जाएगी। जनगणना की संदर्भ तिथि एवं समय एक मार्च 2027 को रात्रि 12 बजे निर्धारित किया गया है। 51 हजार 907 मकान सूचीकरण ब्लॉक को कवर करने के बाद अब दूसरे चरण में 6522 गांवों और 88 कस्बों में 70 हजार गणना ब्लॉकों को कवर किया जाएगा। जनगणना के लिए 87 हजार 687 कर्मचारी फील्ड में उतरेंगे, जिनमें 74 हजार 800 प्रगणक होंगे।

नूंह में नौ स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मंजूरी : राव

चंडीगढ़। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि जिला नूंह में स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे को और अधिक सुदृढ़ तथा जन-सुलभ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए जिले के 8 और ग्रामीण क्षेत्रों में नए उप-स्वास्थ्य केंद्र खोलने की सरकार ने मंजूरी दी है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा राज्य में 100 नए उप-स्वास्थ्य केंद्र खोले जाने की बजट घोषणा के क्रम में यह प्रशासनिक निर्णय लिया गया है। जिला नूंह के अंतर्गत मानौत, खानपुर घाटी, झारपुरी, सलम्बा, बादली, गुरनावट, पापड़ा और रायपुरी गांवों में इन नए उप-स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना की जाएगी।

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

मु.न.271 दिनांक 07.10.2026 धारा 140 (3) बी.एन.एस. & 84 जे. जे. एक्ट थाना सेक्टर 27 सोनीपत जिला सोनीपत।

गुमशुदा की पहचान



नाम-रेशमा ।
पिता का नाम - सुभाष।
पता - वासी लाजपत नगर दिल्ली कैम्प जिला सोनीपत ।
उम्र-15 वर्ष
कद- 4 फुट 6 इंच ।
हुलियाः- रंग सांवला, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखें।
पहनावा- काले रंग का टोप व जीन्स पहने हुए है।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 04.10.2026 को रेशमा पुत्री सुभाष वासी लाजपत नगर दिल्ली कैम्प जिला सोनीपत, बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई है। अब तक घर वापिस नहीं आयी हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।
प्रबन्धक थाना फो. नं. - 7419410535
अनुसंधानकर्ता मो. नं. -9466595104
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।
पीआरडीएच-1084/11/5457/2027/50121/88/6 दि. 12.10.26

धान की खरीद व उठान समय पर करें, लापरवाही सहन नहीं करेंगे

■ खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की मंडी प्रबंधन की समीक्षा

चंडीगढ़। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के मंत्री राजेश नागर ने सोमवार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रदेश की सभी मंडियों में धान एवं बाजरा खरीद, अनाज के उठान, भंडारण और किसानों को किए जा रहे भुगतान की विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों से मौजूदा खरीद सीजन की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और खरीदे गए अनाज का समय पर उठान सुनिश्चित किया जाए।



किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा

उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों के हितों की रक्षा, अनाज की गुणवत्ता बनाए रखना और खरीद से लेकर भुगतान तक की पूरी व्यवस्था को पारदर्शी एवं प्रभावी बनाना सरकार की प्राथमिकता है। बैठक के दौरान मंत्री राजेश नागर ने मंडियों में पहुंच रहे अनाज की सुरक्षा के लिए किए गए प्रबंधों की भी जानकारी फरीदाबाद में वीसी के माध्यम से ली। उन्होंने कहा कि किसान दिन-रात मेहनत करके अनाज पैदा करता है और उसकी फसल का एक-एक दाना खरीदना सरकार की प्राथमिकता है। इसलिए अधिकारियों की जिम्मेदारी से काम करें

हिट एंड रन मुआवजा मामलों पर हाईकोर्ट सख्त

चंडीगढ़। हिट एंड रन सड़क हादसों के पीड़ितों और उनके परिवारों को मुआवजा देने की व्यवस्था को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ प्रशासन से विस्तृत जानकारी तलब की है। हाई कोर्ट ने तीनों पक्षों को निर्देश दिया है कि वर्ष 2022 की मुआवजा योजना लागू होने के बाद 30 सितंबर 2026 तक दर्ज हिट एंड रन मामलों का पूरा ब्योरा अदालत में पेश किया जाए। इसमें कुल दर्ज मामलों के साथ-साथ निपटाए गए दावों, लंबित मामलों और जिन मामलों में मुआवजा स्वीकृत हुआ है, उनमें राशि के भुगतान की स्थिति भी स्पष्ट करनी होगी। मामले की अगली सुनवाई 28 अक्टूबर को होगी। हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से अतिरिक्त शपथ-पत्र पेश किया गया।

■ हरियाणा और पंजाब सरकार ने जवाब मांगा

पेंशन रोकने पर हाईकोर्ट पहुंचा रिटायर्ड शिक्षक

चंडीगढ़। सेवानिवृत्त शिक्षक की पेंशन रोके जाने के मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा सरकार से जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता ललित भारद्वाज का कहना है कि सेना में नियमानुसार नाम बदलने के बावजूद बीएड डिग्री में नाम के अंतर को लेकर उनके खिलाफ धोखाधड़ी की एफआइआर दर्ज की गई। जांच में डिग्री सही पाई गई और पुलिस ने अदालत में रद्द करने की रिपोर्ट पेश की, फिर भी अप्रैल 2026 में उनकी पेंशन रोक दी गई। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ की पीठ के समक्ष दायर याचिका में भारद्वाज ने बताया कि उन्होंने भारतीय सेना में 12 वर्ष से अधिक सेवा की। चिकित्सा आधार पर सेना से छुट्टी मिलने के बाद वह शिक्षा विभाग में शिक्षक नियुक्त हुए। सेना में रहते हुए वर्ष 1991 में उन्होंने नियमानुसार अपना नाम लाला राम से बदलकर ललित भारद्वाज किया था।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

निविदा सं. 98265814 Dated: 12.10.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी – 133001 द्वारा सम्भरणकर्ताओं से निम्नलिखित मद के लिए इलेक्ट्रॉनिक निविदा प्रणाली के अंतर्गत भण्डार की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा सं.	विवरण	मात्रा	निविदा खुलने की तिथि एवं समय	बयाना राशि (रु.)
98265814	सीपीडब्ल्यूडी के दस्तावेज – विद्युत कार्यों के लिए सामान्य विनिर्देश भाग–VII–2013 में उपलब्ध डीजी सेट विनिर्देशों के अनुसार, ध्वनिरोधी आवरण, अल्टरनेटर, एएमएफ पैनल और सभी सहायक उपकरणों सहित 3 फेज 4 वायर, 415 वोल्ट, 50 हर्ट्ज, 1500 आरपीएम साइलेंट टाइप 500 केवीए डीजल जनरेटर सेट की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। डीजी सेट सीपीसीबी–IV+ उत्सर्जन मानकों के अनुरूप होना चाहिए। विस्तृत तकनीकी विनिर्देश अनुलग्नक–ए और बी के रूप में संलग्न हैं। कार्यक्षेत्र अनुलग्नक–सी के रूप में संलग्न है। वारंटी: कमीशनिंग की तिथि से 2 वर्ष। निरीक्षण एजेंसी आरआईटीईईएस/टीपीआई होगी। डीजी सेट रेल विहार, अंबाला कैंट में स्थापित किया जाएगा।	01 Nos.	09.11.2026 at 11:00 hrs	142210/-
	500 किलोवाट डीजी सेट के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी) (2 वर्ष की वारंटी अवधि पूरी होने के बाद)। सीएएमसी अवधि के लिए कार्यक्षेत्र अनुलग्नक–डी के रूप में संलग्न है।	05 साल		

निविदा शर्तें–1. विक्रेता विवरण के लिए IREPS website i.e. www.ireps.gov.in पर देखी जा सकते हैं। 2. किसी भी मैनुअल ऑफर पर विचार नहीं किया जायेगा।

3539/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हरेरा की स्टील बिल्डिंग बनकर तैयार, जल्द होगी हैंडओवर

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़



प्रदेश में सरकारी भवनों के निर्माण में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल बढ़ रहा है। ईंट, सीमेंट, बजरी, रेत और कंक्रीट के बजाय स्टील स्ट्रक्चर से इमारतें बनाने का चलन भी तेजी से बढ़ रहा है। इसी कड़ी में पंचकूला के सेक्टर-1 में हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (हरेरा) का नया कार्यालय भवन बनकर तैयार हो गया है। करीब 51 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह प्रदेश की पहली सरकारी इमारत है, जिसका लगभग 90 प्रतिशत निर्माण आधुनिक स्टील स्ट्रक्चर से किया गया है। अब भवन को संबंधित विभाग को सौंपने की तैयारी चल रही है। हैंडओवर से पहले परिसर में हरियाली विकसित करने, लाइटिंग, पेंटिंग और अन्य सजावटी कार्यों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। भवन का औपचारिक उद्घाटन होना अभी बाकी है।

■ करीब 51 करोड़ रुपये की लागत से पंचकूला सेक्टर-1 में बना प्रदेश का पहला सरकारी स्टील भवन

इस भवन का निर्माण हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के एक अधीक्षण अभियंता की देखरेख में करवाया गया है। निर्माण के लिए 18 महीने की समय सीमा निर्धारित की गई थी, लेकिन इसे पूरा होने में लगभग 20 महीने लगे। अब अधिकारियों के कमरों, कोर्ट रूम और कॉन्फ्रेंस हॉल में उच्च गुणवत्ता वाला फर्नीचर लगाने सहित अधिकांश प्रमुख कार्य पूरे किए जा चुके हैं। अंतिम चरण के काम पूरे होने के बाद इसे सरकार को सौंपा जाएगा।

पारंपरिक निर्माण के मुकाबले कम समय में तैयार हुई इमारत

आर्किटेक्ट प्रवीण चोपड़ा के अनुसार, यदि एक लाख वर्ग फुट क्षेत्र में पारंपरिक तरीके से ईंट, सीमेंट, बजरी, रेत और कंक्रीट का इस्तेमाल करके इमारत बनाई जाए तो इसमें चार से पांच साल तक का समय लग सकता है। इसके मुकाबले हरेरा की स्टील बिल्डिंग को लगभग डेढ़ साल में तैयार करने का लक्ष्य रखा गया था। हालांकि, निर्माण कार्य पूरा होने में करीब 20 महीने लगे। स्टील स्ट्रक्चर और प्री-फैब्रिकेटेड तकनीक के इस्तेमाल से निर्माण की अवधि कम करने में मदद मिली है। उन्होंने बताया कि प्री-फैब्रिकेटेड निर्माण में संरचना के कई हिस्से पहले से तैयार किए जाते हैं। इसके बाद निर्धारित स्थान पर उन्हें जोड़कर ढांचा खड़ा किया जाता है। स्टील के हिस्सों को नट-बोल्ट से जोड़ने की सुविधा के कारण निर्माण कार्य अपेक्षाकृत तेजी से पूरा किया जा सकता है। इस तकनीक से निर्माण की प्रक्रिया को व्यवस्थित करने और समय बचाने में मदद मिलती है।

महिला कॉन्स्टेबल के हत्यारोपी पति को हाईकोर्ट से जमानत

चंडीगढ़। चंडीगढ़ पुलिस की महिला कॉन्स्टेबल सपना यादव की हत्या के मामले में पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने आरोपित पति परविंदर को नियमित जमानत दे दी है। सपना का शव 11 मार्च 2025 को पंचकूला में मानसा देवी मंदिर के पास कार की पिछली सीट पर कंबल में लिपटा मिला था। जस्टिस एचएस ग्रेवाल की बेंच ने कहा कि मामला परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आधारित है और आरोपी लंबे समय से जेल में बंद है। कोर्ट ने टिप्पणी की कि ट्रायल पूरा होने में देरी होने पर लंबे समय तक हिरासत में रखना बिना सुनवाई के सजा देने जैसा है। सपना रेवाड़ी की रहने वाली थीं और उसकी शादी साल 2014 में परविंदर सिंह से हुई थी। पुलिस रिकॉर्ड अनुसार, सपना यादव चंडीगढ़ पुलिस की सीआईडी विंग में कॉन्स्टेबल थीं और अपने पति परविंदर के साथ मोहाली नया गांव में रहती थीं। 11 मार्च 2025 को ड्यूटी पर नहीं पहुंचीं। बाद में उनका शव मिला था।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय माध्यमिक विद्यालय सैया खेड़ा, गन्नौर, सोनीपत में जर्जर हालात हुए एक कमरा मय बरामदा की खुली नीलामी 15.10.2026 दिन बृहस्पतिवार दोपहर 01:00 बजे होगी। आप सभी नीलामी में आमन्त्रित हैं। नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी। बोलीदाता को बतौर सिक्योरिटी 10000/-(दस हजार) रुपये जमा करवानी होगी।

हस्ता/-
मुख्याध्यापक
राजकीय माध्यमिक विद्यालय
सैया खेड़ा, गन्नौर, (सोनीपत)
डी.डी.ओ. कोड-2318

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	पं. भ.द. शर्मा पीजीआईएमएस रोहतक	कंज्यूमेबल मदें औषधि के लिए अल्प अवधि निविदा।	12.10.2026 27.10.2026	-	www.uhsr.ac.in	9813031027 purchase.pgims@uhsr.ac.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50097/I/88/6 दि. 12.10.26

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर पालिका कलानौर	एम.सी. कलानौर में सभी नये चयनित वार्ड प्रतिनिधियों के लिए साइन बोर्ड्स की स्थापना + 2 कार्य।	08.10.2026 15.10.2026	14,45,873/-	https://etenders.hry.nic.in	9802401200 manojkumarmittalkaranal@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50099/I/88/6 दि. 12.10.26

कब्जा सूचना

चूंकि, अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम 2002 (2002 का 54) के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण ("उक्त एक्ट") के तहत एआरसीआईएल-ट्रस्ट-2026-015 ("एआरसीआईएल" ("एआरसीआईएल") एआरसीआईएल के ट्रस्टी के तौर पर इसकी क्षमता में कार्यरत परिसम्पत्ति पुनर्निर्माण कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) ("उक्त नियमों") के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक डिमांड नोटिस दिनांक जारी किया, जिसमें राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए कर्जदार अर्थात गारंटरों और गिरवीकर्ताओं, जिनका विवरण नीचे तालिका में वर्णित हैं, का आह्वान किया गया :

कर्जदार/गारंटर(रों)/गिरवीकर्ता(ओं) द्वारा उक्त राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहने पर, कर्जदार/गारंटर(रों)/गिरवीकर्ता(ओं) का विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथि को "जैसा है जहां है और जो भी है वहां है आधार" पर उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है।

कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों) के नाम	प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन	कुल बकाया देय राशि (रु. में)	डिमांड नोटिस तिथि	कब्जे की तिथि
श्री दीपक श्री रमेश कुमार श्रीमती पूजा श्रीमती पुष्पा रानी (प्रोस्पैक्ट नं. 857662)	मोती नगर, निकट पुरानी मुगल कैनाल, करनाल, तहसील व जिला करनाल में स्थित खेवट नं. 3707/3390, खसरा नं. 3002/8989 13003/8989 13004/8989 13005/8989, किते 4, रकबा 4 बीघे 14 बिस्वे इसका 2-3/50/94 हिस्सा अर्थात 2-3/50 बिस्वे में निहित सम्पत्ति प्लॉट, माप 2 3/50 बिस्वा // 103 132001 के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area_Admeasuring, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 927	रु. 900014.09/- (रुपये नौ लाख चौदह रुपये और नौ पैसे केवल)	06-01-2026	08-10-2026
श्री साहिल श्री राजेश श्रीमती सुमन राजेश राज मिस्त्री (प्रोस्पैक्ट नं. IL10703717)	प्लॉट नं. 47, खेवट नं. 342, खतौनी नं. 368, उत्तम नगर 2, फुसगढ़, करनाल 132001 के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area , सम्पत्ति क्षेत्रफल : 507.00, 456.30	रु.1251692.94 (रुपये बारह लाख इक्यावन हजार छह सौ बानवे और चौआनवे पैसे केवल)	05-01-2026	08-10-2026

कर्जदार/गारंटर(रों)/गिरवीकर्ता(ओं) का विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि एआरसीआईएल उपरोक्त अचल सम्पत्ति के कानूनी कब्जे में है और सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (13) के तहत, कर्जदार/गारंटर(रों)/गिरवीकर्ता(ओं) अथवा कोई अन्य व्यक्ति चाहे जो भी हो, इस सूचना की प्राप्ति के पश्चात एआरसीआईएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना अचल सम्पत्ति को बिक्री, लीज अथवा अन्य किसी तरीके से डील द्वारा / स्वत्व-अंतरण द्वारा हस्तांतरण नहीं करेगा और अचल सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आकस्मिक व्यय, लागत, परिव्यय इत्यादि सहित उपरोक्त राशि पर अनुबंधात्मक दर पर भविष्य के ब्याज सहित उपरोक्त अनुसार राशि के लिए एआरसीआईएल की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदारों/गारंटरों/गिरवीकर्ताओं का ध्यान उपरोक्त अचल सम्पत्ति को छुड़ाने के लिये, उपलब्ध समय के सम्बन्ध में, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 13.10.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, परिसम्पत्ति पुनर्निर्माण कम्पनी (इंडिया) लि. (ट्रस्टी के तौर पर क्षमता में)

परिसम्पत्ति पुनर्निर्माण कम्पनी (इंडिया) लि. CIN No.-U65999MH2002PLC134884
पंजीकृत कार्यालय : दि रूबी, 10वां तल, 29 सेनापति बापत मार्ग, दादर (पश्चिम), मुम्बई-400028, टेली. +91 2266581300. Website: www.arcil.co.in

कब्जा सूचना-(अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8(1)

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार/ सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परि

खबर संक्षेप

पानीपत के पार्क अस्पताल व दवा फर्म पर इनकम टैक्स का छापा

पानीपत। पानीपत के मॉडल टाउन स्थित भाटिया कार्यालय पर सोमवार सुबह इनकम टैक्स विभाग की टीमों ने छापेमारी की। वहीं, पानीपत के सिवाह गांव स्थित पार्क अस्पताल में भी इनकम टैक्स विभाग ने छापा मारा है। इस कार्रवाई में दिल्ली और पंजाब की टीमें शामिल रही। संबंधित फर्म अस्पतालों को दवाओं की सप्लाई का काम करती है। स्मरणीय है कि अनिल भाटिया व अश्वनी भाटिया से जुड़ी प्लस डिस्ट्रीब्यूशन और प्लस डिस्ट्रीब्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के नाम से दो फर्म संचालित हैं। इनका कारोबार अस्पतालों तक दवाएं पहुंचाने से जुड़ा बताया जा रहा है। वहीं, सिवाह गांव स्थित पार्क अस्पताल में भी इनकम टैक्स की रेड चल रही है। इनकम टैक्स विभाग की टीम ने एचआर से लेकर अकाउंटेंट से रिकॉर्ड जब्त किया।

दक्षिण अफ्रीकी नागरिक समेत तीन को 13 लाख की ड्रग्स के साथ पकड़ा

फरीदाबाद। पुलिस ने एमबीएमए ड्रग्स तस्करी में दक्षिण अफ्रीका नागरिक सहित तीन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 126.96 ग्राम ड्रग्स बरामद की है। पुलिस ने अफ्रीकन नागरिक को 5 दिन के रिमांड पर लिया है। 7 अक्टूबर को क्राइम ब्रांच बदरपुर बार्डर की टीम ने गांव दयालपुर के रहने वाले संगम को गिरफ्तार किया था। जिसके पास से पुलिस ने 126.96 ग्राम ड्रग्स बरामद की थी। आरोपी यह ड्रग्स नोएडा में रह रहे दक्षिण अफ्रीकी नागरिक ओडेकामरा से खरीदकर लाया था। दक्षिण अफ्रीकी नागरिक ओडेकामरा व विनित को 11 अक्टूबर को गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले 15-16 सितंबर की रात को लकड़पुर में छापा मारकर 15 करोड़ की ड्रग्स पकड़ी थी। इसमें भी दक्षिण अफ्रीका के तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

रोहतक और नूंह में पुलिस अधिकारी घूस लेते फंसे

डबल मर्डर में आरोपी को राहत देने के लिए 10 हजार रिश्वत लेते एएसआई रंगेहाथ काबू

■ आरोप-एएसआई ने 50 हजार रुपये की मांग की थी, 40 हजार पहले ले चुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

डबल मर्डर के मामले में बेटे को राहत दिलाने के नाम पर एक पिता से रिश्वत मांगने के आरोप में झज्जर विजिलेंस की टीम ने सोमवार को सांपला थाने में तैनात एएसआई दीनबंधु को गिरफ्तार कर लिया। टीम ने पुलिस थाने के अंदर ही कार्रवाई करते हुए एएसआई को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ा। हत्या में आरोपी युवक की मदद करने के बदले 50 हजार रुपये मांगने का आरोप एएसआई पर लगा है। शिकायतकर्ता के अनुसार, वह पहले ही 40 हजार रुपये दे चुका था और बाकी 10 हजार लेते समय विजिलेंस ने कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार, गांव हसनगढ़ निवासी सुभाष ने झज्जर विजिलेंस के समक्ष शिकायत देकर आरोप लगाया था कि सांपला थाने में दर्ज हत्या के मामले की जांच के दौरान एएसआई दीनबंधु उसके बेटे को राहत दिलाने के नाम पर रिश्वत मांग रहा था। शिकायत मिलने के बाद विजिलेंस टीम ने सोमवार को सांपला थाने में


विजिलेंस की गिरफ्त में आरोपी एएसआई।

कार्रवाई की। जैसे ही एएसआई ने कथित तौर पर 10 हजार रुपये की रिश्वत ली, विजिलेंस टीम ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। पुलिस थाने के भीतर विजिलेंस की टीम की कार्रवाई से वहां मौजूद पुलिसकर्मियों में हलचल मच गई।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक हसनगढ़ में एक युवक और युवती की हत्या की गई थी। दोनों के शव नहर में फेंक दिए गए थे। बहादुरगढ़ के पास से 27 सितंबर को शव बरामद हुए थे। इस मामले में दो आरोपियों को सांपला पुलिस ने गिरफ्तार किया था। हसनगढ़ निवासी युवक नीतेश हाल ही में हुए दोहरे हत्याकांड में आरोपी है, जिसे राहत देने के लिए रुपयों की मांग की गई थी।

सीएस स्टाफ के एएसआई को 20 हजार रिश्वत लेते दबोचा

नूंह। नूंह जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो की कार्रवाई लगातार जारी है। एसीबी टीम गुरुग्राम ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए सीएस स्टाफ नूंह में तैनात एएसआई अशोक कुमार को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई टीम इंचार्ज इंस्पेक्टर संत राम गुरुग्राम के नेतृत्व में इयूटी मजिस्ट्रेट मनीष कुमार, एसडीओ बिजली बोर्ड गुरुग्राम की मौजूदगी में सिटी होटल, तावडू रोड पर की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता आबिद पुत्र आशू निवासी गांव बाई, नूंह ने एसीबी को शिकायत दी थी कि एक मुकदमे से उसका नाम निकालने की एवज में एएसआई अशोक कुमार ने 50 हजार रुपये की मांग की थी। शिकायत के बाद, एसीबी टीम ने जाल बिछाकर सोमवार को 20 हजार रुपये लेते हुए आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि पिछले 4 महीनों से एसीबी टीम नूंह जिले में लगातार सक्रिय है और अधिकतर मामलों में पुलिस विभाग के कर्मचारी - अधिकारी ही रिश्वत लेते पकड़े जा रहे हैं, जिससे खाकी पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। दो दिन पहले ही एक होमगार्ड को भी रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया था।

जंतर-मंतर पर इयूटी कर लौट रहे सिपाही को ट्रक ने कुचला



गुरुग्राम। जंतर-मंतर पर प्रदर्शन को लेकर नाइट इयूटी करके घर लौट रहे दिल्ली पुलिस के सिपाही की सड़क हादसे में मौत हो गई। सोमवार को पटौदी रोड पर खवासपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे कांस्टेबल अमित यादव की जान चली गई। मृतक की पहचान बिलासपुर के बासलांबी गांव निवासी अमित यादव (32) के रूप में हुई है। वह दिल्ली पुलिस के कल्याणपुरी थाने में कांस्टेबल के पद पर तैनात थे और फिलहाल जंतर-मंतर की इयूटी भी कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, अमित यादव सोमवार सुबह करीब 9:30 बजे अपनी बाइक पर पटौदी रोड से गुजर रहे थे। खवासपुर के पास राजस्थान नंबर के ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। अमित को सिल्वर स्ट्रिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अमित यादव अपने मां-बाप के इकलौता बेटे थे और उनकी बहन की शादी हो चुकी है। परिवार में अमित के माता-पिता, पत्नी और दो छोटी बच्चियां हैं।

दिल्ली प्रदर्शन में युवाओं के समर्थन में उतरेंगे किसान संगठन : टिकैत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे युवाओं के समर्थन में उतरने का ऐलान किया है। सोमवार को करनाल के जाट भवन में संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक में शामिल होने पहुंचे टिकैत ने कहा कि प्रदर्शन करना सभी का अधिकार है, लेकिन विरोध शांतिपूर्ण तरीके से होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शन कर रहे युवाओं के साथ मारपीट की जा रही है। टिकैत ने कहा कि किसान संगठन युवाओं के समर्थन में खड़े होंगे और उनकी सुरक्षा के लिए अपने लोगों को भी भेजेंगे।

उन्होंने बताया कि 23 अक्तूबर को किसानों से जुड़े मुद्दों पर जिला स्तर पर उपायुक्त और तहसील अधिकारियों को ज्ञापन दिए जाएंगे। वहीं, 26 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदर्शन किया जाएगा। हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दिल्ली सहित अन्य क्षेत्रों में स्थानीय मुद्दों के आधार पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

टिकैत ने आरोप लगाया कि हरियाणा के किसानों को अपनी फसल बेचने में परेशानी हो रही है। उन्होंने दावा किया कि बिहार में धान कम कीमत पर खरीदकर हरियाणा की मिलों तक पहुंचाया जाता है, जिससे दोनों राज्यों के किसानों को नुकसान और व्यापारियों को लाभ होता है। उन्होंने धान खरीद में न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी देने की मांग की। टिकैत ने यह भी आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश से धान की गाड़ियां रात के समय हरियाणा पहुंचती हैं और उन्हें पास कराने के लिए कथित रूप से दो हजार से पांच हजार रुपये तक दिए जाते हैं। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि खरीद व्यवस्था में पारदर्शिता होनी चाहिए और किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए परेशान नहीं होना चाहिए।

शीशे तोड़ने के विवाद में हत्या करने पर चार को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयबीर सिंह की अदालत ने हत्या में चार दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा अदालत ने चारों को अलग-अलग 50 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, गांव चानौत निवासी अनिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने ममेरे भाई गांव उचाना कलां निवासी सोमबीर के साथ बाइक पर सवार होकर उचाना मंडी में आया हुआ था। रास्ते में बाइक पर सवार होकर आए युवकों ने सोमबीर पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें उसकी मौत हो गई। ममेरे भाई अनिल ने पुलिस को बताया कि लगभग तीन माह पहले गांव खापड निवासी सोनू ने गाड़ी के शीशे तोड़ दिए थे, जिस पर मृतक सोमबीर का उसके साथ झगड़ा हुआ था। उसी रंजिश में खापड़ निवासी सोनू ने साथियों के साथ सोमबीर की हत्या की है। पुलिस ने गांव खापड़ निवासी सोनू, उचाना कलां निवासी रोहित, मनदीप, उचाना मंडी निवासी सोनू, शुभम को नामजद कर उनके खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था।

ऑटो चालक की हत्या कर शव झाड़ियों में फेंका, दो गिरफ्तार

गुरुग्राम। सेक्टर-29 में एक ऑटो चालक की हत्या कर शव बंद पड़े अप्पू घर के पास घनी झाड़ियों में फेंक दिया। पुलिस ने शक के आधार पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मृतक की पहचान अरविंद (50) के रूप में की गई है। अरविंद मूल रूप से मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिले का निवासी था और पिछले कुछ समय से गुरुग्राम में ऑटो रिक्शा चलाता था। वहीं, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बिहार के दरभंगा के रहने वाले मुकेश मंडल उर्फ मक्कड़ (37 वर्ष), वर्तमान निवासी ओम नगर, तथा ग्वालियर के रहने वाले गणेश कुमार उर्फ कल्लू (25 वर्ष), वर्तमान निवासी हीरानगर के रूप में हुई है। जांच में सामने आया है कि मृतक अरविंद, आरोपी मुकेश का ऑटो रिक्शा एक कंपनी में चलाता था, लेकिन उसकी गलतियों की वजह से वह काम छूट गया। वहीं, अरविंद मुकेश से झगड़ा भी करता था। इस वजह से मुकेश उससे रंजिश रखता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सहकारी समिति के 2 पूर्व पदाधिकारियों की संपत्ति कुर्क होगी

■ 160 खाताधारकों की शिकायतों के बाद जांच में आया गबन, 2 .14 करोड़ रुपये ब्याज सहित लौटाने की जिम्मेदारी तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

दी न्यू करनाल को-ऑपरेटिव मल्टीपर्पज सोसायटी लिमिटेड, करनाल के दो पूर्व पदाधिकारियों की चल-अचल संपत्ति कुर्क करने के आदेश जारी किए गए हैं। सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, करनाल कार्यालय ने यह कार्रवाई वर्ष 2023-24 में समिति के करीब 160 खाताधारकों की ओर से दर्ज कराई गई शिकायतों की जांच के बाद की है। लगभग एक वर्ष तक चली जांच में समिति के बैंक खातों का विवरण, पासबुक, लेजर, रोकड़ बही और उपलब्ध रिकॉर्ड की जांच की गई। सहायक रजिस्ट्रार अदिति संगर ने हरियाणा सहकारी समिति अधिनियम, 1984 की धारा 101 के तहत भगवान सिंह गिल और मीनू खन्ना के विरुद्ध सरचार्ज की कार्रवाई शुरू की थी। जांच में दोनों को समिति के खातों में हुए कथित गबन के लिए जिम्मेदार ठहराया गया। मई 2024 में करनाल पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने के लिए अनुरोध भेजा गया था। इसके बाद रामनगर थाना में 13 जून 2024 को प्राथमिकी संख्या 0254 दर्ज की गई। कार्यालय की ओर से दोनों व्यक्तियों को संयुक्त और पृथक रूप से 2,14,48,741 रुपये की राशि 18 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित 30 दिनों के भीतर समिति को लौटाने के लिए उत्तरदायी ठहराया गया।

हरियाणा और पंजाब में संपत्तियों की होगी पहचान

दोनों व्यक्तियों की हरियाणा और पंजाब के विभिन्न स्थानों पर संपत्तियां होने की सूचना तथा कार्रवाई के दौरान नोटिस दिए जाने के बावजूद उपस्थित नहीं होने के मद्देनजर 9 अक्तूबर को अधिनियम की धारा 111 के तहत संपत्ति कुर्क करने के आदेश जारी किए गए। ये आदेश हरियाणा और पंजाब के भू-अभिलेख निदेशकों के साथ करनाल, कुरुक्षेत्र, पंचकूला और एसएएस नगर (मोहाली) के उपायुक्तों, जिला राजस्व अधिकारियों तथा तहसीलदारों को भेजे गए हैं। संबंधित अधिकारियों से दोनों के नाम दर्ज संपत्तियों की पहचान कर उन्हें कुर्क करने की कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है।

HONDA

The Honda Joy Fest

इस त्यौहार, घर आये होंडा - घर आये खुशी

कैशबैक ₹10000# तक | न्यूनतम ROI @5.99%* | लोन 100%* तक | लोन अवधि 60* महीने | नो हायपोथिकेशन*



IDFC FIRST Bank CREDIT CARDS# pine labs#

अधिक जानकारी के लिए 7230032200 पर मिस्ड कॉल दें

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th Nov 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000 - ₹10000) is available on all HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank Credit Cards (Tenure 6 months to 24 months). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th Nov 2026. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: HISSAR: Ashwani Honda - 9992220142; **NARNAUND:** 9996786352; Malik Autos Honda - 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888813; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOSHAM:** MRM Honda - 9992888906; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 9992221831; **RATIA:** Avni Honda - 8168871488; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **ELLENABAD:** R S Honda - 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **MAHAM:** RS Honda - 9812746500; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 8607200651; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **REWARI BYEPASS:** Shree Honda - 7056661424; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **PALHAWAS:** Krishna Honda - 9992186137; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **ISRANA:** Kundu Honda - 9518095430; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda - 9896678058; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **TARAORI:** Navya Honda - 9896939869; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119; **NARWANA:** Shivam Honda - 9812318005; **SAFIDON:** BRS Honda - 8396989000; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 9034051285; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 8950374020; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441; Singla Honda - 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382;**PEHOWA:** Chirag Honda - 8330000050; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9541021041; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **MODEL TOWN (PANIPAT):** L.K. Honda - 8059900603; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8708287839; **RADAUR:** Ganpati Honda - 9896665666; **AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600; **MAHESH NAGAR:** Auto World Honda - 9896028089; **NARAINGARH:** SD Honda - 9416027672; **BARARA:** Harmilap Honda - 9416494933; **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 9915495288; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 9815555919; **PINJORE:** Sukhija Honda - 7206111444; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9311485006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996, **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056575100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 9855146632; Platinum Honda - 9855155999; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300; **BARWALA:** Aviate Honda - 8199994719; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 9646744346; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 9875910834; Platinum Honda - 7719619990: **MULLANPUR:** Platinum Honda - 9779996552; **BANUR:** Platinum Honda - 7374071740; **KHARAR:** Batra Honda - 9056709831; **KURALI:** Batra Honda - 9056709833; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673.
For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in

यूरोप में नियमों के कारण विनिर्माण प्रतिस्पर्धी नहीं

सभी कंपनियां भारत में विनिर्माण करना पसंद करेगी

यूरोप में प्रतिस्पर्धी बने रहना काफी मुश्किल

वाणिज्य मंत्री गोयल ने कहा, भारत बनेगा वैश्विक केंद्र

यूरोप की कार कंपनियां भारत में विनिर्माण को देंगी प्राथमिकता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि यूरोप के नियमों के कारण वहां वाहनों का विनिर्माण प्रतिस्पर्धी नहीं रह जाएगा और ऐसे में यूरोप की सभी कार कंपनियां भारत में विनिर्माण करना पसंद करेंगी। गोयल ने कहा कि भारत वैश्विक कार विनिर्माण केंद्र बनने जा रहा है।

यहां 'दिल्ली डायलॉग' कार्यक्रम में उन्होंने कहा, ''आखिरकार भारत कार विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनने जा रहा है। सभी कंपनियां भारत आएंगी और यहां विनिर्माण करेंगी। यूरोप में इतने अव्यावहारिक नियम हैं कि वहां प्रतिस्पर्धी बने रहना असंभव हो जाएगा। सभी यूरोपीय विनिर्माता भारत आएंगे।''

भारतीय कामगारों की मांग जर्मनी और जापान में

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जर्मनी और जापान जैसे देशों में भारतीय कामगारों की मांग है। भारत के निर्यात के बारे में गोयल ने कहा कि मंत्रालय चालू वित्त वर्ष में वस्तुओं और सेवाओं का कुल एक लाख करोड़ डॉलर का निर्यात हासिल करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि निर्यात और आयात, दोनों बढ़ रहे हैं। इससे घरेलू उद्योग और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को प्रोत्साहन मिलता है।





टाटा जगुआर खरीदने के बाद मुश्किल में पड़ गई थी

गोयल ने कहा, ''मुझे नहीं पता कि आप इस बारे में जानते हैं या नहीं। टाटा को जगुआर खरीदने के बाद काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। टाटा मोटर्स खुद भी बंद होने की कगार पर पहुंच गई थी। इसके बाद कंपनी ने बड़े पैमाने पर इंजीनियरिंग में बदलाव किए और कुछ मॉडल भारत में बनाने शुरू किए... कई साल बाद आखिरकार वह मुनाफा कमाने में सफल हुई।''

ब्रिटेन के साथ समझौता 15 जुलाई से हुआ लागू

भारत ने मुक्त व्यापार समझौतों के तहत ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) को कोटा आधारित शुल्क रियायतें दी हैं। ब्रिटेन के साथ समझौता 15 जुलाई से लागू हो गया था, जबकि यूरोपीय संघ के साथ समझौते पर इस साल के अंत तक हस्ताक्षर होने की संभावना है।

ईयू की कार्बन सीमा को लेकर जताई चिंता

मंत्री ने यूरोपीय संघ के किसी नियम का विस्तार से उल्लेख नहीं किया। हालांकि, भारत और कुछ अन्य देशों ने ईयू की कार्बन सीमा समायोजन व्यवस्था (सीबीएएम) को लेकर चिंता जताई है। गोयल ने कहा कि जैसे-जैसे भारतीय बाजार में मांग का स्तर विनिर्माण को व्यावहारिक रूप से संभव बनाने लायक होगा, वैसे-वैसे अंतरराष्ट्रीय वाहन कंपनियां भारत में अधिक विनिर्माण करेंगी।

आयात के लिए महंगी कारों को शामिल किया गया

ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) से कारों के आयात के लिए तय कोटा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसके तहत मुख्य रूप से महंगी कारों को शामिल किया गया है, जबकि कम कीमत वाली कार का खंड को अभी नहीं खोला गया है। शुरुआत में भारतीय बाजार की संभावनाएं परखने के बाद पुणे में विनिर्माण संयंत्र स्थापित किए।

एचसीएल टेक का मुनाफा 21 प्रतिशत बढ़कर 5132 करोड़

नई दिल्ली। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी एचसीएल टेक का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 21.18 प्रतिशत बढ़कर 5,132 करोड़ रुपये रहा है। नोएडा मुख्यालय वाली कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में 4,235 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय 11.5 प्रतिशत बढ़कर 35,620 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 31,942 करोड़ रुपये थी। तिमाही आधार पर कंपनी का शुद्ध लाभ 11 प्रतिशत और परिचालन आय तीन प्रतिशत बढ़ी।

ज्योतिष

कहते नहीं करके दिखाते है
सभी समस्याओं का समाधान
जैसा चाहोगे करके दूंगा
कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोपर्टी, कोर्ट केस, किया कराया, जादू टोना, मनचाही इच्छा
A to Z समस्या का समाधान
स्पेशलिस्टः मनचाहा प्यार, प्रेम-विवाह
पंडित पी. के. शास्त्री
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।
काम ना होने पर पैसे वापस
+91 99974 92579

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

सूचना

मैं, रामकुमार पुत्र श्री भरत राम निवासी मोखरा खास तहसील महम जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सुभाष व पुत्रवधू अनीता मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

रा.क.हाई स्कूल
गांव जागसी, तह. गोहाना, जिला सोनीपत (हरियाणा)

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.क.उ. विद्यालय जागसी (3582) खण्ड मुण्डलाना जिला सोनीपत में 06 कंडम कमरों की खुली बोली दिनांक 21.10.2026 को प्रातः 11:30 बजे विद्यालय प्रांगण में होगी। बोली के नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

हस्ता/-मुख्याध्यापक
रा.क.उ. विद्यालय
जागसी (सोनीपत)
मो. 9416169821

राजकीय प्राथमिक पाठशाला
गांव मातण्ड (सोनीपत)
मो. नं. 94162-34532

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा. प्रा. पाठशाला मातण्ड-17973 खण्ड मुण्डलाना, जिला सोनीपत में 3 कंडम कमरों की खुली बोली दिनांक 21.10.2026 को पाठशाला प्रांगण में प्रातः 10 बजे होगी। बोली के नियम व शर्तें मौके पर ही बताई जाएंगी।

हस्ता/-हैड टीचर
रा.प्रा. पाठशाला
मातण्ड (सोनीपत)

रा.प्रा.पाठशाला
गांव राणाखेड़ी (सोनीपत)
मो. नं. 9466032884

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला राणाखेड़ी (17951) खण्ड मुण्डलाना, जिला सोनीपत में एक कंडम कमरे की खुली बोली दिनांक 22.10.2026 को दोपहर 1:00 बजे पाठशाला के प्रांगण में होगी। बोली के नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

हस्ता/-मुख्य शिक्षक
राजकीय प्राथमिक पाठशाला
राणाखेड़ी (सोनीपत)

Govt. Sr. Sec. School
Vill. Gangana-Teh. Gohana, Sonipat (HR)

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.व.मा. विद्यालय गंगाना (3461) खण्ड मुण्डलाना, जिला सोनीपत में 13 कंडम कमरों की खुली बोली दिनांक 22.10.2026 को प्रातः 11:30 बजे विद्यालय प्रांगण में होगी। बोली के नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

हस्ता/-Principal
Govt. Sr. Sec. School
Gangana-3461 (SNP)
मो. नं. 9991506000
निवेदक: इंचार्ज/प्राचार्य/एसएमसी

रा.प्रा.पाठशाला
गांव गंगाना-तह. गोहाना, जिला सोनीपत (हरियाणा)

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला गंगाना खण्ड मुण्डलाना, जिला सोनीपत में 02 कंडम कमरों की खुली बोली दिनांक 22.10.2026 को प्रातः 10 बजे पाठशाला प्रांगण में होगी। बोली के नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

हस्ता/-मुख्य शिक्षक
रा.प्रा.पाठशाला
गंगाना, सोनीपत-17949
मो. नं. 9466435185

राजकीय प्राथमिक विद्यालय बोहका (16709)
खण्ड- खोल, जिला-रेवाड़ी (हरियाणा)

निविदा/बोली आमंत्रण सूचना

सभी योग्य एवं इच्छुक GST प्राप्त ठेकेदारों / फर्मों को सूचित किया जाता है कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला बोहका (16709) खण्ड-खोल, जिला-रेवाड़ी, हरियाणा के विभाग द्वारा घोषित जर्जर भवन को तोड़ने एवं मलबे को उठाने हेतु दिनांक 15.10.2026 को प्रातः 9.00 बजे विद्यालय परिसर में बोली लगाई जाएगी। विभाग SSA एवं शिक्षा विभाग हरियाणा से संबंधित नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएगी। सभी शामिल बोलीदाताओं को बोली से पूर्व 25% राशि व सफल बोलीदाता को 100% राशि मौके पर ही जमा करवानी होगी।

Sd/- Head Teacher, Govt. Primary School Bohka 16709 (Rewari)

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20-CPC)

IN THE COURT OF Ms. Archana, Additional Civil Judge (Senior Division), Rewari
PRAVEEN KUMAR
Vs.
PAWAN KUMAR
CNR No. HRRE02-001101-2022
Next Date:-27-11-2026

PUBLICATION ISSUED TO:

DEF 5 AMAN KUMAR S/O SH. SATISH KUMAR R/O VILL NIHALPURA, TEH NEEMRANA, DISTT ALWAR AT PRESENT C-904, EDEN GARDEN, MANCHANDA SOCIETY, SEC 26, GARHI BOLNI ROAD, REWARI

DEF 6 MUNSHI SINGH S/O PARBHU RAM R/O VILL JALALPUR, TEH TIJARA, DISTT ALWAR RAJASTHAN

DEF 7 ASHA DEVI W/O SURESH KUMAR S/O PHOOL SINGH R/O VILL DHAMLAKA, TEH AND DISTT REWARI

DEF 8 DHARMENDER S/O SATISH KUMAR S/O RAM GOPAL R/O VILL NIHALPURA, TEH NEEMRANA, DISTT ALWAR

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 27-11-2026 at 10:00 a.m.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district notice&district=Rewari

Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Rewari

Dated, this day of 07.10.2026

IN THE COURT OF Ms. Mansi Gaur Additional Civil Judge (Senior Division), Ganaur
Next Date, Purpose of case, Orders and Judgments as well as other case information is available on http://ecourts.gov.in

PUBLICATION NOTICE IN PETITION UNDER THE GUARDIAN AND WARDS ACT
KOMAL MINOR
Vs.
GENERAL PUBLIC
CNR No. HRSOA0-000094-2024
Next Date:- 16-11-2026

It is prayed that the petition may kindly be accepted and permiss on may kindly be granted to the petitioners (1. Minor Komal 2. Minor Rishi 3. Minor Koyal daughters of Yashpal S/o Hari Singh, R/o village Kheri Gujjar, Tehsil Ganaur, Distt. Sonepat, Minors through their father Yashpal) to sell their 3/8 share out of the total land as detailed in para no.1 of the petition, in the interest of justice.

NOTICE TO:
GENERAL PUBLIC
VILL. KHERI GUJJAR, TEH. GANAUR, DISTT. SONEPAT, HARYANA, INDIA.

Whereas the petitioner Yashpal S/o Hari Singh has filed the above petiton for appointment of the legal guardian of his Minor daughters 1.Komal, 2. Rishi, 3. Koya . This notice is hereby issued to the respondent(s) regarding the institution of this petition. If any person has any objection to the grant of permission to the petitioner for appointment as the legal guardian of the said child, then he/she should appear in the court on 16-11-2026 at 10.00 a.m, either in person or through an authorised agent or lawyer for filing objections failing which the petition shall be decided in accordance with law.

Given under my hand and the seal of the Court, this 09-10-2026

Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Ganaur

रुपया 96 पैसे की छलांग के साथ 95.75 प्रति डॉलर


मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से घरेलू मुद्रा को मजबूती देने के लिए सप्ताहांत में कई कदम उठाए जाने के बाद रुपया सोमवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 96 पैसे मजबूत होकर 95.75 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। छह महीने से अधिक समय में रुपये की यह एक दिन की सबसे बड़ी बढ़त है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि आरबीआई के उपायों से निकट अवधि में रुपये को बल मिल सकता है। इन उपायों से हाजिर बाजार में डॉलर की मांग घटने और विदेशी मुद्रा बाजार में रुपये के खिलाफ बड़े दांव लगाने पर अंकुश लगने की उम्मीद है।

कच्चे तेल के दाम चढ़ने से सेंसेक्स 548 अंक टूटा

एजेंसी ⏭ मुंबई

कच्चे तेल के दाम में तेजी तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली के दबाव से घरेलू शेयर बाजार सोमवार को नुकसान में रहे। मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स करीब 548 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी में 157 अंक की गिरावट आई।

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका में बॉण्ड प्रतिफल में वृद्धि से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयर पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 547.65 अंक यानी 0.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,924.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 796.23 अंक तक टूट गया था। निफ्टी भी 157.10 अंक नुकसान के साथ 22,363.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से आईटीसी, टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, लार्सन एंड टुब्रो, भारतीय स्टेट बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयर में सबसे अधिक गिरावट रही। वहीं, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक और एचसीएल टेक के शेयर लाभ में रहे। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारतीय बाजार शुरुआती बढ़त बरकरार रखने में विफल रहे। 10 साल के सरकारी बॉण्ड पर प्रतिफल तीन साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचने और वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली से बाजार धारणा प्रभावित हुई।



- विदेशी संस्थागत निवेशकों ने पूंजी की निकासी की

एशियाई बाजार में रही गिरावट

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट गिरावट के साथ बंद हुए। हांगकांग का हैंगसेंग मामूली बढ़त में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी रही। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

ग्राहकों को सीधे उत्पाद बेचने वाले उद्योग का कारोबार 7 फीसदी बढ़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत में ग्राहकों को सीधे उत्पाद बेचने वाले (डायरेक्ट सेलिंग) उद्योग का कारोबार मार्च, 2025 में समाप्त वित्त वर्ष में सात प्रतिशत की सालाना दर से बढ़कर 23,522 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, अगले वित्त वर्ष तक इसके 25,000 करोड़ रुपये के पार जाने का अनुमान है। एसोसिएशन ऑफ डायरेक्ट सेलिंग एंटिटीज ऑफ इंडिया (एडीएसईआई) ने शोध भागीदार कांतार के साथ मिलकर यह रिपोर्ट तैयार की है। रिपोर्ट के अनुसार, इस क्षेत्र में 91 लाख सक्रिय विक्रेता हैं, जिनमें 47 प्रतिशत महिलाएं हैं। यह क्षेत्र स्वरोजगार और अतिरिक्त आय का एक साधन है।

रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया के 15 सबसे बड़े प्रत्यक्ष बिक्री बाजारों में भारत 11वें स्थान पर है। यह उद्योग उद्यमिता, प्रशिक्षण और नियामकीय नियमों के बेहतर अनुपालन के जरिये अपनी पहुंच बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। एडीएसईआई के अध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा, यह रिपोर्ट विश्वसनीय आंकड़ों और गुणात्मक जानकारी के जरिये भारत में ग्राहकों को उत्पाद सीधे बेचने वाले उद्योग के वास्तविक योगदान को सामने लाती है। इसके केंद्र में 91 लाख से अधिक लोगों की आजीविका है, जिनमें करीब आधी महिलाएं हैं। यह उद्यमिता की भावना पर आधारित है पिछले एक दशक में यह उद्योग सरकार के स्वरोजगार, कौशल विकास और महिलाओं के नेतृत्व में विकास को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के अनुरूप रहा है।



- कारोबार समाप्त वित्त वर्ष में 23,522 करोड़ रुपए पहुंचा
- इस क्षेत्र में 91 लाख सक्रिय विक्रेता हैं

सक्रिय विक्रेताओं में 43 लाख महिलाएं

रिपोर्ट के अनुसार, उद्योग के सक्रिय विक्रेताओं में करीब 43 लाख महिलाएं हैं। काम के समय में लचीलापन, कारोबार शुरू करने के लिए अपेक्षाकृत कम पूंजी की जरूरत और औपचारिक शैक्षणिक योग्यता की अनिवार्यता नहीं होने से ग्रामीण तथा छोटे शहरों में रहने वाली महिलाओं के लिए यह काम स्वतंत्र रूप से आय अर्जित करने का एक जरिया बन सकता है।

राशिफल

मेष मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेगा।

वृष आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

मिथुन मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

कर्क पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

सिंह व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

कन्या अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

तुला पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

वृश्चिक व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

धनु मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

कुंभ मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

मीन मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

रुपये में मजबूती से सोना 1400 रुपये टूटा, चांदी 2000 रुपये गिरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रुपये में मजबूती और वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बीच राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमत 1,400 रुपये घटकर 1.53 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 1,54,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमत भी 2,000 रुपये गिरकर 2,26,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,28,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

- सोना घटकर 1.53 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम
- चांदी भी 2000 रुपए गिरकर 2,26,500 रुपए किलोग्राम

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''वैश्विक बाजारों से कमजोर संकेत मिलने के कारण सोमवार को घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में नरमी रही। रुपये में मजबूती ने भी कीमती धातुओं की कीमतों पर दबाव बढ़ाया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने घरेलू मुद्रा को मजबूती देने के उद्देश्य से सप्ताहांत में कई उपाय किए थे।

वोल्वो भारत में प्लग इन हाइब्रिड वाहन करेगी पेश

नई दिल्ली। स्वीडन की वाहन विनिर्माता कंपनी वोल्वो भारत में प्लग-इन हाइब्रिड वाहन पेश करने की संभावनाएं तलाश रही है, लेकिन ऊंची कर दरों के कारण उसे इन वाहनोंकी कीमत प्रतिस्पर्धी रखने में चुनौती दिख रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह बात कही। वोल्वो कार इंडिया के प्रबंध निदेशक ज्योति मल्होत्रा ने नई इलेक्ट्रिक लक्जरी एसयूवी 'ईएक्स90' की पेशकश के मौके पर कहा कि कंपनी भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) और माइल्ड हाइब्रिड वाहनों का संतुलित पोर्टफोलियो रखने की योजना पर काम कर रही है।

कब्जा सूचना

चूंकि, अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम 2002 (2002 का 54) के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्यभूतिकरण और पुनर्निर्माण (''उक्त एक्ट'') के तहत एआरसीआईएल-ट्रस्ट-2026-015 (''एआरसीआईएल'') एआरसीआईएल के ट्रस्टी के तौर पर इसकी क्षमता में कार्यरत परिसम्पत्ति पुनर्निर्माण कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) (''उक्त नियमों'') के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक डिमांड नोटिस दिनांक जारी किया, जिसमें राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए कर्जदार आर्थात गारंटरों और गिरवीकर्ताओं, जिनका विवरण नीचे तालिका में वर्णित है, का आह्वान किया गया : कर्जदार/गारंटर(रों)/गिरवीकर्ता(ओं) द्वारा उक्त राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहने पर, कर्जदार/गारंटर(रों)/गिरवीकर्ता(ओं) को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथि को ''जैसा है जहां है और जो भी है वहां है आधार'' पर उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है।


कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों) के नाम	प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन	कुल बकाया देय राशि	डिमांड नोटिस की तिथि	कब्जे की तिथि
श्री हरदीप सिंह श्रीमती राज वीर हरदीप राज डेयरी फार्म (प्रोस्पेक्ट नं. IL10565462)	असंध, वार्ड नं. 6 में, नगरपालिका असंध, तहसील असंध व जिला करनाल-132039 में स्थित सम्पत्ति मकान सम्पत्ति नं. 6/1383 (सम्पत्ति आई.डी. नं. PU2500090581) के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1100.00, 1244.00	रु. 1566001.4/- (रुपये पन्द्रह लाख छियासठ हजार एक और चार पैसे केवल)	05-01-2026	08-10-2026

कर्जदार/गारंटर(रों)/गिरवीकर्ता(ओं) को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि एआरसीआईएल उपरोक्त अचल सम्पत्ति के कानूनी कब्जे में है और सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (13) के तहत, कर्जदार/गारंटर(रों)/गिरवीकर्ता(ओं) अथवा कोई अन्य व्यक्ति चाहे जो भी हो, इस सम्पत्ति की प्राप्ति के पश्चात एआरसीआईएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना अचल सम्पत्ति को बिक्री, लीज अथवा अन्य किसी तरीके से डील द्वारा / स्वत्व-अंतरण द्वारा हस्तांतरण नहीं करेगा और अचल सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आकस्मिक व्यय, लागत, परिव्यय इत्यादि सहित उपरोक्त राशि पर अनुषंधात्मक दर पर भविष्य के ब्याज सहित उपरोक्त अनुसार राशि के लिए एआरसीआईएल की वसूली के अधीन होगी।
कर्जदारों/गारंटरों/गिरवीकर्ताओं का ध्यान उपरोक्त अचल सम्पत्ति को छुड़ाने के लिये, उपलब्ध समय के सम्बन्ध में, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 13.10.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, परिसम्पत्ति पुनर्निर्माण कम्पनी (इंडिया) लि. (ट्रस्टी के तौर पर क्षमता में)

परिसम्पत्ति पुनर्निर्माण कम्पनी (इंडिया) लि. CIN No.-U65999MH2002PLC134884
पंजीकृत कार्यालय : दि रूबी, 10वां तल, 29 सेनापति बापत मार्ग, दादर (पश्चिम), मुम्बई-400028, टेली. +91 2266581300. Website: www.arcil.co.in

शब्द पहेली - 6376




बाएँ से दाए
1. बलगम-2
3. जाप, मंत्र पाठ-2
5. काया, बदन-2
7. ठाठ-बाट-2
9. गिरावट, अवनति-3
11. बुरी आदत-2
13. सदं, अच्छा-2
15. बंदर-3
17. अपशिष्ट पदार्थ-2
19. थोड़ा-2
22. दबाना, कुचलना-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
26. आम जनता-2
28. पिता के पिता-2
30. पक्षाघात, फालिज-3
32. मनमौजी, अलमस्त-2
34. नवीन-2
36. लोच-3
38. गाड़ी, घोड़ागाड़ी-2
41. बीता हुआ दिन-2
43. लेखनी, पेन-3
45. अधर-2
47. रांझा की प्रेमिका-2
49. अप्सरा, परी -2
51. गर्भ, कोख-3
53. दंड, शिक्षा -2
55. पाश, फंदा-2
57. परखना-3
60. वोट, अभिप्राय-2
62. हत्या-2
64. तिरस्कृत-3
66. शराब-2
67. उद्देश्य-2
68. टूंटी, नलका-2
69. आनंद-2

ऊपर से नीचे
1. प्याला-2
2. धर्म आदेश-3
4. क्षण, लमहा-2
6. गगन, आकाश-2
8. सरुर, खुमार-2
10. पति की बहन-3
12. अंधकार-2
14. शर्म, लज्जा-2
16. पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18. भाग्य (अंग्रेजी-2)
20. रहस्य-2
21. कुर्बान-2
23. अनुकृति-3
25. जोर, बल-2
27. नाखून-2
29. दक्षिणा-2
31. पढ़ने वाला-3
33. परत-2
35. भैंस जैसा एक प्राणी-2
37. झगड़ा-3
39. भूमि, धरा -2
40. राहगीर-2
42. रक्त-2
44. मां का प्रेम-3
46. दम-2
48. आनंद-2
50. छुट्टी-2
52. झगड़ना-3
54. प्याला-2
56. प्यार-2
58. असफल-3
59. यमराज-2
61. पैंदा-2
63. संपत्ति-2
65. सम्राट-2

शब्द पहेली - 6375 का हल

	य	ती	म	खा	ना		म	हा	वी	र
क	क्ष		हा		ना	ह	क		र	म
हा		ना	न	सें	स		र	मा		जा
नी	र	व	ता		सु	र		न	म	न
का		खे		अ	र	क्त			सी	
र	वा	ना	हो	ना		पा	ल	न	हा	र
	ह			चा	ह	त		का		च
का	न	न		र	म		ब	र	सा	ना
म		र	ज		स	का	र	ना		का
धा	र		खि	ला	फ		स		भो	र
म	स	ख	रा		र	म	ता	जो	गी	



खबर संक्षेप

एएसआई को मारने वाले आरोपी का एनकाउंटर



अमृतसर। अमृतसर के अजनाला में जीआरपी के एएसआई को गोली मारने वाले का सोमवार को पुलिस ने एनकाउंटर कर दिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी को वारदात वाली जगह लेकर जा रहे थे, इसी दौरान आरोपी ने पुलिस की राइफल छीनकर गोली चलाने की कोशिश की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी को गोली मार दी, जिससे वह घायल हुआ। उसे अजनाला के सिविल अस्पताल ले जाया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

लुधियाना एसपी स्वप्न शर्मा को ईडी का समन

लुधियाना। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित फर्जी फोरेंसिक रिपोर्ट मामले में लुधियाना के पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा को समन जारी किया है। उन्हें 19 अक्टूबर 2026 को चंडीगढ़ स्थित ईडी कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से पेश होने के निर्देश दिए गए हैं। मामला पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के कथित विवादित वायरल वीडियो की फोरेंसिक और साइबर जांच रिपोर्ट तैयार करने में कथित गड़बड़ी से जुड़ा है।



बिलबोर्ड: अभिषेक को नोटिस देने पहुंची पुलिस

कोलकाता। पुलिस नगर निगम की ओर से मिली शिकायत के संबंध में पूछताछ को लेकर थाने में पेश होने का नोटिस देने के लिए सोमवार को टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के आवास पहुंची। शेक्सपियर सरानी थाने की एक टीम ने नोटिस देने के लिए बनर्जी के आवास 121 कालीघाट रोड के बाहर एक घंटे तक प्रतीक्षा की।

अब तुकाराम करेंगे पेपर लीक की जांच

पुणे। महाराष्ट्र सरकार ने राज्य लोक सेवा आयोग (एमपीएससी) में सुधार के लिए रविवार को एक कमेटी बनाई। इसमें फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) कमिश्नर तुकाराम मुंढे को सदस्य सचिव बनाया गया है। इसके बाद कैंडिडेट्स ने 10 दिन से चल रहा प्रदर्शन खत्म कर दिया। राज्य के मंत्री शिवेंद्रराजे भोसले ने पुणे में प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों को कमेटी बनाने की जानकारी दी। कमेटी के अध्यक्ष पूर्व जज दिलीप भोसले होंगे। इसमें आईपीएस अधिकारी लक्ष्मी गौतम, पूर्व आईएएस अधिकारी गणेश पाटिल और रिटायर्ड जज पीडी नाइक भी शामिल होंगे।



10 दिन बाद अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन को खत्म किया

महाराष्ट्र सरकार ने चेयरमैन को छुट्टी पर भेजा

मंत्री ने प्रदर्शनकारियों की अन्य मांगें भी पूरी करने का भरोसा दिया। इनमें आंदोलन से जुड़े कुछ लोगों पर दर्ज केस वापस लेना, तीन साल में 70 हजार पदों पर भर्ती करना, जनवरी में होने वाली ग्रुप-सी परीक्षा में सीटें बढ़ाना और एमपीएससी के अध्यक्ष व सचिव की नियुक्ति से पहले उनके बैकग्राउंड की जांच करना शामिल है। इसके बाद एमपीएससी के अध्यक्ष विवेक भीमनवार ने जांच पूरी होने तक छुट्टी पर जाने का ऐलान किया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि उन्होंने हमेशा नैतिकता को प्राथमिकता दी है। इसलिए उन्होंने न्यायिक जांच पूरी होने तक पद पर बने रहने के बजाय छुट्टी पर जाने का फैसला लिया है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने 7 अक्टूबर को इस पर सुनवाई की थी और 70 हजार खाली पदों और भर्ती प्रक्रिया पर महाराष्ट्र सरकार से तीन हफ्ते के भीतर जवाब मांगा। सरकार को तीन सप्ताह के भीतर भर्ती का रोडमैप पेश करना होगा। साथ ही मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आयोग की जांच कराने की बात कही।



पटाखा बैन को लेकर शीर्ष अदालत में सुनवाई

लोगों के स्वास्थ्य व धार्मिक भावनाओं के बीच संतुलन जरूरी: सुप्रीमकोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर रोक लगाने की मांग पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य और धार्मिक भावनाओं के बीच संतुलन जरूरी है। सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने लोगों से कम प्रदूषण वाले तरीकों से त्योहार मनाने की अपील की। सुनवाई के दौरान एमिकस क्यूरी (न्याय मित्र) वरिष्ठ वकील अपराजिता सिंह ने कहा, अगर भगवानों को पता चले कि उनके नाम पर बच्चे पीड़ित हो रहे हैं और बीमार पड़ रहे हैं, तो वे भी हैरान रह जाएंगे।





जागरूकता और कम प्रदूषण वाले पटाखों पर जोर

अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को होगी। बेंच में जस्टिस जॉयमाल्या बागची और वी. मोहना शामिल थे। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पटाखों से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान के बारे में लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आदेश देने से पहले यह देखना जरूरी है कि उसे व्यावहारिक और लागू करने योग्य बनाया जा सकता है या नहीं। जस्टिस बागची ने पटाखे फोड़ने के धार्मिक आधार पर सवाल उठाया। सीजेआई ने कहा कि लोगों को समझदार बनाना होगा और जागरूक करना होगा। उन्हें बताना होगा कि कौन से पटाखे ज्यादा नुकसानदायक हैं। हमें लोगों को अपनी मूल संस्कृति की ओर लौटने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उस समय केवल फुलझड़ियां जलती थीं और दीपक जलाए जाते थे। वरिष्ट वकील पराजिता सिंह ने कहा कि सही तरीके से लागू किए बिना प्रतिबंध प्रभावी नहीं होंगे। सुप्रीम कोर्ट दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से जुड़े मामले की खुद शुरू की गई सुनवाई कर रहा है। इसमें पटाखे, फसल अवशेष जलाना और ठोस कचरा प्रबंधन शामिल हैं।

कम प्रदूषण वाले तरीके अपनाएं

दिल्ली में प्रदर्शन को लेकर शिवराज का कांग्रेस पर पलटवार

राहुल गांधी नौटंकी कर रहे, हार के लिए कांग्रेस नेतृत्व जिम्मेदार

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से उच्चतम न्यायालय तक निकाले जाने वाले मार्च को नौटंकी करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपनी चुनावी हार का दोष निर्वाचन आयोग पर मढ़ती रही है, जबकि इसके लिए असल में उसका खुद का विचार-शून्य नेतृत्व जिम्मेदार है। शिवराज ने यहां भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के खिलाफ कांग्रेस के आंदोलन को ₹शिव की बारात₹ बताने के लिए राहुल की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह असल में ₹गुंडों का समूह₹ है, जो सड़कों पर अराजकता फैला रहा है। शिवराज ने कहा कि कांग्रेस पिछले कई वर्षों से संवैधानिक संस्थाओं पर हमला कर रही है और अपनी हार के लिए उन्हें दोषी ठहरा रही है।





राहुल हवा-हवाई नेता : अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली (भाषा)। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी पर देश में अस्थिरता और अराजकता उत्पन्न करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि राहुल के कदमों का मकसद संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करना और वैश्विक स्तर पर भारत की छवि खराब करना है। ठाकुर ने यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा कि देश ने नेता प्रतिपक्ष की ओर से इस तरह का "नाटक और हंगामा" पहले कभी नहीं देखा। उन्होंने राहुल को "अस्थिरता उत्पन्न करने वाला, अराजक और अगंभीर" नेता बताया। ठाकुर ने राहुल की ओर से बार-बार लगाए जा रहे 'वोट चोरी' के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता जनता के जनादेश को चुनौती दे रहे हैं।



भाजपा के लिए सब कुछ 'डेमोकुर्सी' का मामला: जयराम रमेश



कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल की सूची से हटाए जाने को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा। पार्टी ने आरोप लगाया कि अब उनके लिए लोकतंत्र का कोई महत्व नहीं रह गया है और उनके लिए सब कुछ 'डेमोकुर्सी' यानी सत्ता की कुर्सी का मामला बनकर रह गया है। यह पीएम और गृह मंत्री की जोड़ी में व्याप्त 'अत्यधिक घबराहट' का स्पष्ट संकेत है।

दिल्ली पुलिस से प्रदर्शन की इजाजत नहीं मिली तो आंदोलन करेंगे: सीजेपी



नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी(सीजेपी) ने दिल्ली पुलिस को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। उसने कहा कि जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की तारीख नहीं मिली तो फिर आंदोलन करेंगे। सीजेपी के सह-संयोजक आशुतोष रांका और सौरव दास सोमवार को प्रदर्शन की अनुमति मांगने पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन पहुंचे थे। इसी बीच, सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस ने हिरासत का वीडियो एडिट करके जारी किया है।

केंद्र सरकार का राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सख्त निर्देश

अस्पतालों को अब हर चीज की रेट लिस्ट लगानी होगी

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से कहा है कि वे यह सुनिश्चित करें कि अस्पताल और अन्य क्लिनिकल प्रतिष्ठान अपनी सेवाओं और सुविधाओं के लिए लिए जाने वाले शुल्क को प्रमुखता से प्रदर्शित करें।

इस कदम का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और मरीज-केंद्रित व्यवस्था को मजबूत करना है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में कहा है कि संबंधित नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए और इलाज व स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े शुल्क की जानकारी मरीजों और उनके परिजनों को आसानी से दिखाई और उपलब्ध हो।

- ग्लूकोज-दवा से लेकर बेड चार्ज तक होगा डिस्प्ले, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखा पत्र



श्रद्धा हत्याकांड:व्हाट्सऐप, गूगल व बम्बल के अधिकारी देंगे गवाही

नई दिल्ली (भाषा)। दिल्ली की एक अदालत ने श्रद्धा वाल्कर हत्याकांड में 'व्हाट्सऐप', 'गूगल' और 'बम्बल' के विदेश में रह रहे चार नोडल अधिकारियों की गवाही वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए दर्ज कराने की अनुमति अभियोजन पक्ष को दे दी। अदालत ने कहा कि इन अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से पेश कराने में अनावश्यक देरी होगी और बहुत अधिक खर्च आएगा। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने अभियोजन पक्ष की इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य एवं 'वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग नियम, 2025' के तहत गवाहों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पूछताछ करने की अनुमति प्रदान का अनुरोध करने वाली अर्जी पर यह आदेश दिया।

2022 में कॉल सेंटर कर्मचारी श्रद्धा की हत्या की गई थी

आफताब ने गला घोंटा, शव के कई टुकड़े किए

अमृतसर में संदिग्ध ड्रोन ने 2 फ्लाइटें डायवर्ट कराईं, यात्री परेशान

अमृतसर। अमृतसर के श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास रविवार देर रात संदिग्ध ड्रोन दिखाई दिए। सुरक्षा के मद्देनजर रनवे ऑपरेशंस रोक दिए गए। इसके चलते अमृतसर आ रही दो उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा। दिल्ली से आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-855 को वापस दिल्ली भेजा गया, जबकि मुंबई से आ रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई-5028 को चंडीगढ़ डायवर्ट किया गया। अचानक से टिकट कैंसिल होने पर कई यात्री एयरपोर्ट पर फंस गए। उन्होंने हंगामा करते हुए कहा कि कोई भी अधिकारी बात करने को तैयार नहीं है।

An Investor Awareness Initiative by
SEBI
भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
Securities and Exchange Board of India



CBC 15204/13/0111/2627

म्यूचुअल फंड्स | स्टॉक्स | रीट्स | इन्विट्स | बॉण्ड्स | कमोडिटीज़


विज़िट करें: investor.sebi.gov.in/ssis

सेबी Saaरthi ऐप डाउनलोड करें

सहयोगी: AMFI | NSE IPFT | BSE Investors Protection Fund | MCX METAL & ENERGY Trade with Trust MCX INVESTOR PROTECTION FUND | CDSL INVESTOR PROTECTION FUND TRUST | NSDL INVESTOR PROTECTION FUND TRUST | NISM National Institute of Securities Markets A Capacity Building Initiative of SEBI

चिंतन

अब पेश करने ही होंगे सबूत



मुद्दा
ओमकार चौधरी

लोकतंत्र में सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार है और उनका जवाब देना सरकार व संवैधानिक संस्थाओं की जिम्मेदारी। लेकिन जब सवाल चुनावी व्यवस्था की विश्वसनीयता से जुड़ा हो, तो आरोपों के साथ प्रमाण भी जरूरी होते हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित गड़बड़ियों को लेकर इंडिया ब्लॉक के 11 नेताओं का सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दाखिल करना इसी कसौटी पर परखा जाएगा। राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव समेत विपक्षी नेताओं ने निर्वाचन आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को भी याचिका में पक्षकार बनाया है। अब विपक्ष को बताना होगा कि गड़बड़ी कहां हुई, कितने मतदाता प्रभावित हुए और उसके समर्थन में क्या सबूत हैं। सियासी शक्ति प्रदर्शन से मुद्दा चर्चा में आ सकता है, लेकिन आरोप प्रमाणों से ही सिद्ध होते हैं। याचिका दाखिल करने से पहले विपक्षी नेताओं ने प्रधान न्यायाधीश से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने का समय मांगा था। इसके बाद बाराखंबा से सर्वोच्च न्यायालय तक मार्च निकाला गया। राहुल गांधी ने इस मार्च की तुलना 'शिवजी की बारात' से की। विभिन्न दलों की भागीदारी और नेताओं की मौजूदगी ने इसे राजनीतिक घटनाक्रम जरूर बनाया, लेकिन मार्च का आकार आरोपों की सत्यता का प्रमाण नहीं है। विपक्ष को अब राजनीतिक नारों से आगे बढ़कर तथ्य सामने रखने होंगे। चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग करना अलग बात है और चुनावी प्रक्रिया में अनियमितता साबित करना अलग। दोनों को एक मानना उचित नहीं होगा। हालांकि, विपक्ष से प्रमाण मांगने का अर्थ उसकी शिकायतों को खारिज करना भी नहीं है। मतदाता सूची से किसी पात्र नागरिक का नाम गलत तरीके से हटना गंभीर मामला है। निर्वाचन आयोग का दायित्व है कि वह प्रक्रिया में पारदर्शिता रखे, शिकायतों का निपटारा करे और त्रुटियां मिलने पर पूरी जवाबदेही के साथ सुधार सुनिश्चित करे। किसी संस्था को सवालों से परे नहीं रखा जा सकता, लेकिन बिना प्रमाण लगाए गए आरोपों को भी अंतिम सच नहीं माना जा सकता। न्यायिक जांच का उद्देश्य ही आरोपों और तथ्यों के बीच अंतर स्पष्ट करना है। कुल मिलाकर अब विपक्ष को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष सबूत पेश करने ही होंगे। इसी बीच जंतर-मंतर को निर्धारित प्रदर्शन स्थलों की सूची से हटाने का फैसला भी चर्चा में है। गृह मंत्रालय की समिति की सिफारिश पर रामलीला मैदान, बुराड़ी और पूर्वी दिल्ली के सीबीडी मैदान को प्रदर्शन का वैकल्पिक स्थल बनाया गया है। अण्णा आंदोलन से लेकर पहलवानों के प्रदर्शन तक, जंतर-मंतर लंबे समय से विरोध की आवाज का प्रमुख केंद्र रहा है। संसद के निकट होने के कारण इसका प्रतीकात्मक महत्व भी है। सुरक्षा, यातायात और सार्वजनिक व्यवस्था की चिंताएं अपनी जगह हैं, लेकिन इनके समाधान के नाम पर शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार को कमजोर नहीं किया जाना चाहिए। वैकल्पिक स्थलों पर पर्याप्त सुविधाएं और स्पष्ट नियम सुनिश्चित करना भी जरूरी है। लोकतंत्र में सरकार की जवाबदेही और विपक्ष की जिम्मेदारी, दोनों अनिवार्य हैं। निर्वाचन आयोग को पारदर्शिता से काम करना होगा और विपक्ष को आरोपों के प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे। यदि गड़बड़ी हुई है तो उसका खुलासा और सुधार हो; यदि आरोप प्रमाणित नहीं होते तो राजनीतिक दावों की समीक्षा भी हो। लोकतंत्र की विश्वसनीयता शोर से नहीं, तथ्यों, पारदर्शिता और जवाबदेही से मजबूत होती है।

पश्चिम एशिया में युद्ध का खतरा बढ़ा

रियाद के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हूती विद्रोहियों के लगातार हमलों ने पश्चिम एशिया को बड़े क्षेत्रीय संघर्ष के मुहाने पर ला खड़ा किया है। दो दिन में हुए हमलों में 13 लोगों की मौत और सैकड़ों के घायल होने से नागरिकों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठे हैं। मृतकों में एक भारतीय भी शामिल है। हवाई सेवाएं बाधित हैं और सऊदी अरब की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। अमेरिका की संभावित सैन्य भागीदारी से टकराव के और व्यापक होने का खतरा है। इसका असर खाड़ी देशों में काम कर रहे भारतीयों की सुरक्षा से लेकर वैश्विक तेल आपूर्ति और व्यापार तक पड़ सकता है। ऐसे में सैन्य जवाबी कार्रवाई के बजाय संघर्ष को फैलने से रोकना और यमन संकट का राजनीतिक समाधान तलाशना अंतरराष्ट्रीय समुदाय की प्राथमिकता होनी चाहिए।

सऊदी अरब की राजधानी रियाद के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यमन के हूती विद्रोहियों के लगातार हमलों ने पश्चिम एशिया में सुरक्षा संकट गहरा दिया है। शनिवार, 10 अक्टूबर 2026 को हुए हमले में 13 लोगों की मृत्यु हुई और 309 लोग घायल हुए। मृतकों में एक भारतीय नागरिक भी शामिल है। रविवार, 11 अक्टूबर को लगातार दूसरे दिन हवाई अड्डे को निशाना बनाया गया। इन घटनाओं से अंतरराष्ट्रीय विमान सेवाएं प्रभावित हुई हैं और सऊदी अरब की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठे हैं। अमेरिका की संभावित सैन्य कार्रवाई ने संघर्ष के व्यापक क्षेत्रीय युद्ध में बदलने की आशंका बढ़ा दी है।रियाद का किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा सऊदी अरब के प्रमुख विमानन केंद्रों में शामिल है। शनिवार को हुए हमले से तीसरे और चौथे यात्री भवन के आसपास भारी नुकसान हुआ। विस्फोटों के बाद परिसर में अफरातफरी मच गई। यात्रियों और कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। बचाव दलों ने घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया। सऊदी अधिकारियों के अनुसार, हमले में प्रारंभिक रूप से 12 लोगों की मृत्यु हुई थी। मृतकों में चार सऊदी नागरिक, दो बांग्लादेशी तथा अमेरिका, मिस्र, जॉर्डन, फलस्तीन, सीरिया और सूडान के एक-एक नागरिक शामिल थे। बाद में अस्पताल में एक भारतीय नागरिक की मृत्यु होने से मृतकों की संख्या 13 हो गई। इस हमले का शिकार विभिन्न देशों के निर्दोष नागरिक बने। शनिवार की तबाही से हवाई अड्डा उबर भी नहीं पाया था कि रविवार को दोबारा हमला हो गया। सऊदी नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन के अनुसार, एक प्रक्षेपास्त्र चौथे यात्री भवन से टकराया, जिससे आग लग गई। अधिकारियों ने एक अन्य प्रक्षेपास्त्र को हवाई अड्डे के समीप रोकने की जानकारी दी। दूसरे हमले में भी लोग घायल हुए, हालांकि उनकी अंतिम संख्या स्पष्ट नहीं थी। लगातार हमलों ने अत्याधुनिक हवाई रक्षा व्यवस्था की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े कर दिए।भारत के लिए यह घटना विशेष चिंता का विषय है। शनिवार के हमले में घायल भारतीय नागरिक की रविवार को उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। उसकी पहचान हैदराबाद निवासी मोहम्मद यूसुफ अली के रूप में सामने आई। परिवार के अन्य सदस्य भी घायल हुए। भारतीय दूतावास ने पीड़ित परिवार से संपर्क कर आवश्यक सहायता और पार्थिव शरीर भारत पहुंचाने का आश्वासन दिया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मृत्यु पर शोक व्यक्त किया। भारतीय हताहतों की संख्या को लेकर प्रारंभिक सूचनाओं में अंतर था। उपलब्ध विवरणों के अनुसार, एक भारतीय की मृत्यु हुई और दस अन्य घायल हुए। रविवार के दूसरे हमले में अलग से 12 भारतीयों के घायल होने के दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।भारत के विदेश मंत्रालय ने नागरिकों और नागरिक सुविधाओं पर हमलों की कड़ी निंदा की। मंत्रालय ने ऐसे हमले तत्काल रोकने की मांग करते हुए सऊदी अरब की संप्रभुता और सुरक्षा के प्रति समर्थन दोहराया। रियाद स्थित भारतीय दूतावास स्थानीय अधिकारियों तथा अस्पतालों के संपर्क में है।भारत की चिंता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि सऊदी अरब सहित खाड़ी देशों में बड़ी संख्या में भारतीय काम करते हैं। ये कर्मचारी भारत में अपने परिवारों को धन भेजते हैं। संघर्ष बढ़ने से उनकी सुरक्षा, रोजगार और आवागमन प्रभावित हो सकता है। भारत के सामने अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और क्षेत्रीय संबंधों में संतुलन बनाए रखने की चुनौती है। हूती विद्रोहियों ने हमलों की जिम्मेदारी स्वीकार की है। यमन में सक्रिय इस संगठन का सऊदी नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन के साथ लंबे समय से संघर्ष चल रहा है। हूती विद्रोहियों को ईरान का समर्थन प्राप्त है। उनका आरोप है कि यमन में सऊदी सैन्य हस्तक्षेप से व्यापक जनहानि हुई है। संगठन ने रियाद पर हमलों को उसी कार्रवाई का जवाब बताया और भविष्य में भी सऊदी ठिकानों पर हमले जारी रखने की धमकी दी।लेकिन किसी संघर्ष में नागरिक हवाई अड्डों और यात्रियों को निशाना बनाना अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के गंभीर प्रश्न खड़े करता है। सैन्य संघर्ष में भी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक है। सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन ने हमलों को युद्ध अपराध बताते हुए कठोर जवाब देने की चेतावनी दी। इसके बाद यमन में सैन्य कार्रवाई तेज होने की खबरें आईं। दोनों पक्षों की जवाबी कार्रवाई संघर्ष को अधिक खतरनाक बना सकती है।



रियाद हवाई अड्डे पर हमलों का सिलसिला अक्टूबर में अचानक शुरू नहीं हुआ। सितंबर में ईंधन भंडारण क्षेत्र के समीप हमले और आग लगने की खबर आई थी। अक्टूबर के पहले सप्ताह में रियाद तथा आभा के हवाई अड्डों को निशाना बनाया गया। आठ अक्टूबर को एक खड़े यात्री विमान को नुकसान पहुंचने तथा सऊदी विमान चालक सहित तीन नागरिकों की मृत्यु की जानकारी सामने आई। इन घटनाओं से संकेत मिलता है कि सऊदी अरब का विमानन ढांचा हूती विद्रोहियों की रणनीति का महत्वपूर्ण लक्ष्य बन गया है। सऊदी अरब के लिए संकट केवल हवाई अड्डों तक सीमित नहीं है। उसकी अर्थव्यवस्था में तेल उत्पादन, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, पर्यटन और विदेशी निवेश की महत्वपूर्ण भूमिका है। देश तेल पर निर्भरता घटाकर पर्यटन, उद्योग और व्यापार का विस्तार करना चाहता है। लेकिन राजधानी के प्रमुख हवाई अड्डे पर लगातार हमले विदेशी निवेशकों का विश्वास प्रभावित कर सकते हैं। यात्री सुरक्षा पर संदेह बढ़ने से पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों को भी नुकसान पहुंच सकता है। सऊदी अरब की सुरक्षा के लिए प्रत्यक्ष सैन्य हस्तक्षेप किया जाता है तो यमन में संघर्ष और तेज हो सकता है। दूसरी ओर निष्क्रिय रहने से हूती विद्रोहियों को प्रोत्साहन मिलने की आशंका है। अमेरिकी कार्रवाई होने पर ईरान की संभावित प्रतिक्रिया और लाल सागर के समुद्री व्यापार पर उसके प्रभाव को भी ध्यान में रखना होगा।ब्रिटेन और अन्य पश्चिमी देशों ने भी हमलों पर चिंता जताई है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने प्रश्न यह है कि क्या केवल सैन्य जवाब से हूती विद्रोहियों को रोका जा सकता है अथवा यमन के लंबे संघर्ष का राजनीतिक समाधान तलाशना आवश्यक है। पिछले वर्षों का अनुभव बताता है कि सैन्य हमलों के बावजूद हूती संगठन की आक्रमण क्षमता समाप्त नहीं हुई है।इस संघर्ष का आर्थिक प्रभाव सऊदी अरब से बाहर भी पड़ सकता है। पश्चिम एशिया विश्व की ऊर्जा आपूर्ति का प्रमुख केंद्र है। तेल प्रतिष्ठानों और समुद्री मार्गों पर खतरा बढ़ने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनिश्चितता पैदा हो सकती है। भारत जैसे बड़े तेल आयातक देश के लिए यह विशेष चिंता का विषय है। भारत की प्राथमिकता अपने नागरिकों की सुरक्षा, सऊदी अरब के साथ सहयोग और क्षेत्रीय शांति की बहाली होनी चाहिए। रियाद की त्रासदी चेतावनी है कि पश्चिम एशिया में सैन्य टकराव अनियंत्रित हुआ तो उसके मानवीय, राजनीतिक और आर्थिक परिणाम पूरे विश्व को प्रभावित करेंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

पैरवी
रितीश उपाध्याय



न्याय की राह में आर्थिक मजबूरी न बने बाधा

न्याय केवल अदालतों के दरवाजे खुले होने से नहीं मिलता। उसके लिए यह भी जरूरी है कि आम नागरिक अपने अधिकारों को समझते हुए न्यायालय की प्रक्रिया में हिस्सा ले सके और उसे एक सक्षम वकील की सहायता मिल पाए, लेकिन जब वकील की फीस चुकाना ही किसी व्यक्ति के लिए नामुमकिन हो जाए, तो न्याय तक उसकी पहुंच एकदम सीमित हो जाती है। इसी प्रकार की असमानता को दूर करने के लिए भारत के संविधान ने निःशुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था प्रदान की है। लेकिन अहम सवाल यह है कि क्या यह व्यवस्था ज़रूरतमंदों को सिर्फ वकील उपलब्ध करा रही है या सच में आमजन को प्रभावी प्रतिनिधित्व और न्याय दिला पा रही है? अनुच्छेद 39ए के अंतर्गत भारत के संविधान ने राज्य को यह निर्देश दिया है कि कानूनी व्यवस्था समान अवसर के आधार पर न्याय को बढ़ावा दे और आर्थिक या किसी और प्रकार की अक्षमताओं के कारण किसी नागरिक को न्याय से वंचित न होने दिया जाए। यह राज्य के नीति-निर्देशक तत्वों का हिस्सा है। सर्वोच्च न्यायालय ने मुफ्त कानूनी सहायता को निष्पक्ष न्यायिक प्रक्रिया के संवैधानिक सिद्धांत से जोड़ा है, साथ ही न्यायालय ने समय-समय पर यह माना है कि अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का अर्थ केवल जीवित रहने का अधिकार नहीं, बल्कि कानून के अनुरूप निष्पक्ष प्रक्रिया और न्याय मिलना भी है। हुसैनारा खातून बनाम बिहार राज्य 1979, में सुप्रीम कोर्ट ने लंबे समय से जेलों में बंद कैदियों की स्थिति पर ध्यान दिया और इस फैसले ने यह भी स्पष्ट किया कि गरीब व्यक्ति को मुफ्त कानूनी सहायता न मिलना निष्पक्ष न्याय के रास्ते में गंभीर बाधा है। कानूनी अधिकार तभी सार्थक हैं, जब व्यक्ति उन्हें इस्तेमाल करने की स्थिति में भी हो। लीगल सर्विसेज़ ऑथोरिटी एक्ट, 1987 ने इस संवैधानिक उद्देश्य को लागू करने के लिए राष्ट्रीय, राज्य, जिला और तालुका स्तर पर संस्थागत व्यवस्था बनाई है। इस अधिनियम की धारा 12 के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सदस्य, मानव तस्करी या बेगार के पीड़ित, महिलाएं, बच्चे जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम है, दिव्यांग व्यक्ति, निर्दिष्ट आपदाओं और हिंसा के पीड़ित, औद्योगिक श्रमिक तथा हिरासत में रखे गए व्यक्ति मुफ्त कानूनी सहायता के पात्र हैं। इन सब के अलावा सामान्य वर्ग के लोग जो निर्धारित आय-सीमा के भीतर आते हैं वो भी सहायता मांग सकते हैं। एनएएलएसए की हेल्पलाइन 15100 और उसकी आधिकारिक वेबसाइट भी जानकारी पाने के माध्यम हैं। सिर्फ वकील मिलना ही काफी नहीं है, कानूनी सहायता की असल परीक्षा अदालत में होती है। उम्मेद देवी बनाम राजस्थान राज्य 2026 के मामले में हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इसी अंतर को स्पष्टता से रेखांकित किया है। दहेज संबंधी मांग और कथित उत्पीड़न से जुड़े मामले में अपनी बेटी की मृत्यु के संबंध में आरोपित व्यक्तियों की बरी किए जाने के खिलाफ उम्मेद देवी ने अपील की थी। अपील को दाखिल करने में 19 दिन की देरी हुई और उसे माफ कराने के लिए जरूरी आवेदन नहीं लगाया गया था। हाई कोर्ट में उनकी ओर से कोई वकील उपस्थित नहीं हुआ और मामला बंद कर दिया गया। सर्वोच्च न्यायालय ने अपील को स्वीकार करते हुए कहा कि अदालतों को ऐसे कठिनाइयों के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। जहां वकील की अनुपस्थिति या अपर्याप्त सहायता से किसी व्यक्ति का कानूनी अधिकार प्रभावित हो सकता है, वहां अदालत को प्रभावी कानूनी सहायता सुनिश्चित करने पर विचार करना चाहिए। नेशनल लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी (फ्री एंड कॉम्पिटेंट लीगल सर्विसेज) रेगुलेशनस, 2010 में पैनल के वकीलों के चयन और उनके काम की निगरानी के प्रावधान हैं। जरूरत इस बात की है कि इन प्रावधानों को काग़ज़ से निकालकर व्यवहार में लागू किया जाए। नियमित समीक्षा, उचित प्रशिक्षण, मुवक्किलों से संवाद और खराब प्रदर्शन पर जवाबदेही तय करना भी अति आवश्यक है। मुफ्त कानूनी सहायता के समक्ष जागरूकता की कमी, अनुभवी वकीलों तक लोगों की पहुंच नहीं होना, सीमित संसाधन और कमजोर निगरानी जैसी चुनौतियां खड़ी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों, वंचित समुदायों और समाज के उस वर्ग तक जिसको इसकी सब से ज़ादा ज़रूरत है, वहां लोगों में इसकी जानकारी नहीं है। न्याय तक पहुंच का अर्थ केवल अदालत में प्रवेश नहीं, बल्कि वहां अपनी बात प्रभावी ढंग से रखने का अवसर भी है। जब तक यह अवसर समाज में उपस्थित हर जरूरतमंद व्यक्ति को वास्तविक रूप से नहीं मिलता, समान न्याय का वादा अधूरा रहेगा।

(लेखक सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

प्रसन्न रहने की शुरुआत घर से हो



संकलित
दर्शन

महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रसन्न रहने की शुरुआत अपने घर से ही होनी चाहिए। हम बाहर तो बहुत खुश रहते हैं, लेकिन घर में अकारण क्रोध से भरे रहते हैं। सभी लोग, खासतौर पर युवा इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें घर में भी प्रसन्न रहना है। युवाओं को यह बात याद रहे, इसलिए एक नया मंत्र दे रहा हूं। वे घर और परिवार में भी शांति रखें। कई लोग बाहर से घर में आते ही क्रोधित हो जाते हैं। वे अकारण गुस्सा कर घर वालों को मायूस कर देते हैं। यह हत्या कर देने जैसा अपराध है। मुश्किल यह है कि ये लोग अपनी कमी को मानते भी नहीं। कम से कम वे यह मान लें कि उसमें यह कमी है तो कभी न कभी वह कमी दूर भी की जा सकती है। लंका में कोई मानता ही नहीं था कि वहां कोई रोगी है। परिणाम सबके सामने है। जो माने ही नहीं कि अस्वस्थ है, वह स्वस्थ कैसे हो सकता है? एक और मंत्र याद रखें-छोटी-मोटी बातों को अनदेखा करें। व्यर्थ विवाद में मत उलझें। बात-बात में उलझने की आदत से अशांति ही पैदा होती है। सच्ची प्रसन्नता चाहिए तो इधर-उधर की बातें सुनना ही छोड़ दें। अस्तित्व के संगीत को सुनने की कोशिश करें। याद रखें, जिसे प्रसन्न रहना है, उसे कोई रोक नहीं सकता और जिसे दुखी ही रहना है, उसे कोई प्रसन्न नहीं कर सकता। कुछ लोगों को प्रसन्न रहना ही नहीं है। वे परेशान और दुखी होने के बहाने खोजते रहते हैं। इस आदत को बदलने की कोशिश ईमानदारी के साथ की जानी चाहिए।

घमंड न करें व दूसरों को कमजोर न समझें



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध में अर्जुन और कर्ण आमने-सामने थे। दोनों दिव्य अस्त्र-शस्त्रों से लड़ रहे थे। जब-जब अर्जुन के तीर कर्ण के रथ पर लग रहे थे तो कर्ण का रथ बहुत पीछे खिसक रहा था। दूसरी ओर जब-जब कर्ण के तीर अर्जुन के रथ पर लगते तो उसका रथ थोड़ा सा ही पीछे खिसकता था। ये देखकर अर्जुन को घमंड हो गया कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। अर्जुन ने ये बात श्रीकृष्ण से कही तो भगवान ने कहा कि तुम्हारे बाणों से ज्यादा शक्ति कर्ण के बाणों में है। भगवान की बात सुनकर अर्जुन ने कहा कि ये कैसे संभव है, मेरा रथ तो थोड़ा सा ही पीछे खिसक रहा है। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम्हारे रथ पर मैं स्वयं बैठा हूं, ऊपर ध्वजा पर हनुमान जी विराजित हैं, तुम्हारे रथ के पहिए को शेषनाग ने थाम रखा है। इतना होने के बाद भी कर्ण के बाण ये रथ पीछे खिसक रहा है तो इसका मतलब यही है कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। यदि ये न होता तो पता नहीं तुम्हारे रथ की क्या स्थिति होती। ये बात सुनकर अर्जुन को अपनी गलती का अहसास हो गया और उसका घमंड टूट गया। इस कथा में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सीख दी है कि कभी अपनी शक्ति का घमंड न करें और शत्रु को कमजोर न समझें। यथा स्थिति का अच्छा से अवलोकन करे।

अंतर्मन



आज की पाती

सपनों को संकल्प में बदलने की सीख

विद्यार्थी किसी भी देश का भविष्य ही नहीं, उसकी संभावनाओं और प्रगति के सबसे मजबूत आधार भी होते हैं। उनके विचारों में नवीनता, आंखों में सपने और कुछ नया कर गुजरने का उत्साह समाज को आगे बढ़ाने की शक्ति देता है। इसी भावना के साथ भारत में प्रति वर्ष 15 अक्टूबर को विश्व छात्र दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक और युवाओं के प्रेरणास्रोत डा. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती के कारण विशेष महत्व रखता है। हालांकि, यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि संयुक्त राष्ट्र ने इस दिन को आधिकारिक रूप से विश्व छात्र दिवस घोषित नहीं किया है। इसके बावजूद भारत में यह अवसर विद्यार्थियों को कलाम के विचारों से जोड़ने और शिक्षा के महत्व को रेखांकित करने का माध्यम बन गया है। -रमेश शर्मा, कलानौर

ट्रेंड

मां सबको साहस प्रदान करें



नवरात्रि का दूसरा दिन तप, त्याग व संकल्प की प्रतीक मां ब्रह्मचारिणी की आराधना को समर्पित है। वे सभी को साहस और संयम का आशीर्वाद प्रदान करें। मां की कृपा से जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और सफलता का मार्ग प्रशस्त हो। -नरेंद्र मोदी, पीएम

देश तक बात पहुंचाते रहेंगे



लोगों को दिल्ली आने से रोका जा रहा है तथा कुछ लोगों को बसों और ट्रेनों से उतारा जा रहा है। बड़ी संख्या में पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती के बावजूद विपक्ष अपनी बात देश तक पहुंचाता रहेगा। हम हार मानने वाले नहीं हैं। -राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

अब मिलती है बिजली



'डबल इंजन' की सरकार ने मात्र 10 दिन में किसानों को फसल, मकान और पशुधन की क्षति का मुआवजा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। 2017 से पहले की सपा सरकार के समय बिजली नहीं आती थी, केवल बिल आता था। अब स्थिति बदल गई है और किसानों को बिजली का बिल नहीं आता, बल्कि बिजली मिलती है। -योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी

मुकदमों की नौबत नहीं आएगी



मैं यह सुनिश्चित करने का वादा करता हूं कि हमारी सरकार ऐसा कुछ नहीं होने देगी जिससे सरकारी नियुक्तियों में अदालती मुकदमों की नौबत आए। पूर्ववर्ती टीएमसी सरकार के दौरान हुई भर्ती प्रक्रियाएं विवादों में घिरी रहीं और सुप्रीम कोर्ट ने स्कूल भर्ती के तहत की गई 26,000 नियुक्तियों को रद्द कर दिया। -शुभेंदु अधिकारी, सीएम, प बंगाल

करंट अफेयर


उ. कोरिया ने कई बैलिस्टिक मिसाइलें समुद्र की ओर दागीं



उत्तर कोरिया ने सोमवार को अपने पूर्वी समुद्री क्षेत्र की ओर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी। हाल के दिनों में हथियारों के प्रदर्शन की बढ़ती घटनाओं के बीच इस प्रक्षेपण से तनाव और बढ़ गया है। दोनों देशों के बीच कूटनीतिक बातचीत लंबे समय से ठप है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने बताया कि ये मिसाइलें उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग के आसपास के क्षेत्र से दागी गईं। उत्तर कोरिया ने हाल के वर्षों में अपने हवाई अड्डे का इस्तेमाल मिसाइलों के प्रक्षेपण के एक प्रमुख केंद्र के रूप में किया है। ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने तत्काल यह स्पष्ट नहीं किया कि कितनी मिसाइलें दागी गईं या उन्होंने कितनी दूरी तय की। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने कम से कम दो मिसाइलों का पता लगाया और आकलन किया कि ये मिसाइलें जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर समुद्र में गिरीं। यह प्रक्षेपण दक्षिण कोरिया द्वारा शुक्रवार को अपने देश में विकसित पहली हाइपरसोनिक मिसाइल का उड़ान परीक्षण किए जाने के कुछ दिनों बाद हुआ। इस हथियार को ध्वनि की गति से कम से कम पांच गुना तेज उड़ान भरने और मिसाइल रक्षा प्रणालियों को चकमा देने के लिए तैयार किया गया है।

ऑफ बीट

लाल-पीले पंखों के रंग का रहस्य सुलझा रहे वैज्ञानिक



पूरे जंतु जगत में पक्षी सबसे रंगीन जीवों में से एक हैं। लेकिन इतने सारे रंगों वाले पक्षी अलग अलग कैसे होते हैं? चमकीले लाल, नारंगी और पीले पंख या चोंच वाले लगभग सभी पक्षी अपने रंग उत्पन्न करने के लिए कैरोटीनॉयड नामक पिगमेंट के समूह का उपयोग करते हैं। लेकिन, ये पक्षी सीधे तौर पर कैरोटीनॉयड नहीं बना सकते। उन्हें अपने आहार में पौधों से ये तत्व प्राप्त करने होते हैं। तोते इस नियम के अपवाद हैं, जिन्होंने रंगीन रंगद्रव्य बनाने का एक बिल्कुल नया तरीका विकसित किया है, जिसे 'सिटाकोफल्विन' कहते हैं। वैज्ञानिकों को इन विभिन्न रंगों के बारे में कुछ समय से जानकारी है, लेकिन पक्षियों द्वारा रंग में भिन्नता लाने के लिए इनका उपयोग करने के पीछे के जैव-रासायनिक और आनुवंशिकी आधार को लेकर उनकी समझ अभी सीमित है। हालांकि, तोते और 'फिंच' (रंग बिरंगी छोटी चिड़ियों की प्रजाति) के बारे में हाल ही में किए गए दो अलग-अलग अध्ययनों ने इस रहस्य पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की है। एक अध्ययन 'करेंट बायोलॉजी' में प्रकाशित हुआ है जिसका नेतृत्व हममें से एक (डैनियल हूपर) ने किया था। दूसरे अध्ययन का नेतृत्व पुर्तगाली जीवविज्ञानी रॉबर्टो अबोरे ने किया और उसे 'साइंस' पत्रिका में प्रकाशित किया गया।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



17 साल की माया ने तोड़ा सानिया का 22 साल पुराना रिकॉर्ड

माया ने जीता अपना पहला पेशेवर खिताब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की उभरती हुई युवा टेनिस खिलाड़ी माया राजेश्वरन ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके पुर्तगाल में डब्ल्यू35 लागोस टूर्नामेंट के रूप में अपना पहला पेशेवर खिताब जीता।

क्वालीफायर के रूप में टूर्नामेंट में भाग लेने वाली माया ने खेले गए फाइनल में स्पेन की सेलिया सेर्विनो रुइज़ को 6-4, 6-2 से हराया। इस जीत से यह 17 वर्षीय खिलाड़ी सानिया मिर्जा के बाद पेशेवर एकल खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। माया ने यूक्रेन की येलीज़ावेटा कोट्लियार के साथ मिलकर युगल खिताब भी जीता। उन्होंने एकल में एक भी सेट नहीं गंवाया। उन्होंने पहले दौर में ही शीर्ष वरीयता प्राप्त जस्टिना मिकुलस्काइट को पराजित करके अपने इरादे जतला दिए थे।

यह तो बस शुरुआत है : माया

माया ने टूर्नामेंट जीतने के बाद कहा, 'यह तो बस शुरुआत है। यह मेरा पहला खिताब है। यह मेरे पेशेवर करियर की शुरुआत के लिए अच्छा संकेत है। इससे मुझे आत्मविश्वास मिला है कि मैं अच्छी तरह से चुनौती पेश कर सकती हूं।'

आठ वर्ष की आयु से खेलना किया था शुरू

12 जून 2009 को तमिलनाडु के कोयंबटूर में जन्मीं माया राजेश्वरन रेवती का टेनिस का सफर आठ साल की उम्र में शुरू हुआ था। उनके पिता ने उन्हें पहली बार इस खेल से परिचित कराया। उनका मकसद उनमें अनुशासन और फिटनेस की आदत डालना था। हालांकि जल्द ही माया की इस खेल में गहरी दिलचस्पी हो गई और 10 साल की उम्र तक उन्होंने टेनिस को गंभीरता से अपनाने का फैसला कर लिया। उन्होंने भारत में 'प्रो सर्व टेनिस अकादमी' में ट्रेनिंग ली और 2025 मुंबई ओपन में सबका ध्यान खींचने से पहले कई आईटीएफ जूनियर खिताब जीते। 15 साल की उम्र में वाइल्डकार्ड एंट्री के तौर पर खेलते हुए उन्होंने डब्ल्यूटीए 125 इवेंट के सेमीफाइनल में पहुंचकर जाने-माने खिलाड़ियों को चौंका दिया।



वुहान ओपन नहीं खेलेंगीं झेंग और मीरा

बीजिंग। चाइना ओपन फाइनल खेलने के बाद झेंग किनवेन और मीरा आंद्रीवा वुहान ओपन से हट गई हैं। झेंग ने दाहिने कंधे की चोट का हवाला दिया है, जबकि आंद्रीवा ने शेड्यूल में बदलाव के कारण हटने का फैसला किया है। टूर्नामेंट से हटने की घोषणा करते हुए झेंग ने कहा कि लगातार मैचों के बोझ के कारण वह शारीरिक रूप से थक गई हैं। डब्ल्यूटीए के अनुसार, झेंग ने कहा, मुझे यह बताते हुए बहुत अफसोस हो रहा है कि मैं इस साल के वुहान ओपन से हट रही हूं। वुहान वह जगह है जहां से मेरे टेनिस के सपने की शुरुआत हुई थी, और वुहान ओपन ही वह टूर्नामेंट है जिससे मैंने डब्ल्यूटीए 1000 लेवल पर अपनी पहचान बनाई थी। मैं हमेशा अपने घरेलू फैंस के सामने खेलने का इंतजार करती रही हूं।



मुंबई इंडियन्स में शामिल हुईं अमेरिकी तेज गेंदबाज नॉरिस

नई दिल्ली। अमेरिका की बाएं हाथ की तेज गेंदबाज तारा नॉरिस अगले साल होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में मुंबई इंडियन्स की ओर से खेलेंगी। उन्हें यूपी वारियर्स के साथ सफल 'ट्रेड' सौदे के बाद मुंबई की टीम में शामिल किया गया है। नॉरिस को वारियर्स ने 2026 सत्र से पहले 10 लाख रुपए में अपनी टीम में शामिल किया था। डब्ल्यूपीएल ने कहा कि यह 28 वर्षीय तेज गेंदबाज इसी राशि पर मुंबई इंडियन्स से जुड़ेंगी। डब्ल्यूपीएल ने कहा, 'नॉरिस 10 लाख रुपए की मौजूदा राशि पर मुंबई इंडियन्स से जुड़ेंगी।' नॉरिस ने डब्ल्यूपीएल की पहली नीलामी में किसी फ्रेंचाइजी से जुड़ने वाली एसोसिएट देश की पहली खिलाड़ी बनकर इतिहास रचा था। उन्होंने पहले सत्र में दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व किया था और डब्ल्यूपीएल में पांच विकेट लेने वाली पहली गेंदबाज बनी थीं। नॉरिस ने अमेरिका की ओर से अब तक पांच एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 17 महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। उन्होंने 2021 में अमेरिकी टीम के लिए पदार्पण किया था।

रणजी ट्रॉफी : ऑलराउंडर रवींद्र ने ठोका 16वां फर्स्ट क्लास शतक

जडेजा की छत्तीसगढ़ के खिलाफ 102 रन की धमाकेदार पारी

पहली पारी में सौराष्ट्र ने बनाए 392 रन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने रणजी ट्रॉफी के पहले राउंड में शतक बनाया। सौराष्ट्र की ओर से खेलते हुए उन्होंने छत्तीसगढ़ के खिलाफ 102 रन की पारी खेली। रवींद्र जडेजा का यह 16वां फर्स्ट क्लास शतक रहा। 209 गेंद का सामना किया और 7 चौके लगाए। वे सौराष्ट्र के आखिरी विकेट के तौर पर आउट हुए। इससे उनकी टीम ने पहली पारी में 392 रन का स्कोर बनाया।

जडेजा पांचवें नंबर पर बैटिंग को उतरे थे। उनके व प्रेरक मांकड़ (129) के बीच पांचवें विकेट के लिए 205 रन की पार्टनरशिप हुई। मगर इस साझेदारी के टूटने के साथ ही सौराष्ट्र की पारी ढह गई। उसने आखिरी पांच विकेट 36 रन में गंवा दिए। यह तो एक छोर पर जडेजा थे, जिससे टीम 392 तक पहुंचने में सफल रही नहीं तो 380 से पहले ही पारी सिमट जाती।



रवींद्र का 8 साल बाद सौराष्ट्र के लिए शतक

जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए फर्स्ट क्लास क्रिकेट में नौवां शतक बनाया। उनके छह शतक भारत और एक वेस्ट जोन के लिए आया है। जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए बनाए 9 में से 3 शतकों को ट्रिपल सेंचुरी तक पहुंचाया है। जडेजा ने इससे पहले 2018-19 में आखिरी बार सौराष्ट्र के लिए रणजी ट्रॉफी में शतक बनाया था। तब उन्होंने नाबाद 178 रन की पारी खेली थी। 2018-19 से लेकर 2026-27 के सीजन के बीच जडेजा ने बहुत कम मैच सौराष्ट्र के लिए खेले थे। पिछले सीजन दो मैचों उतरे थे। दरअसल भारतीय टीम के तीनों फॉर्मेट का हिस्सा होने की वजह से वह घरेलू क्रिकेट नहीं खेल पाए थे।

साई फेल, सुंदर ने झटके 2 विकेट

रणजी ट्रॉफी के पहले राउंड में सोमवार को साई सुदर्शन का बल्ला नहीं चला। वह तमिलनाडु के लिए ओपनिंग करने उतरे और 3 रन बनाकर पवेलियन लौटे। चेतन शर्मा ने उन्हें बोल्ड किया। इससे पहले उन्हें फील्डिंग के दौरान घुटने में चोट लगी थी। साई लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर गए थे। हालांकि, उनकी चोट गंभीर नहीं थी और वह ओपनिंग करने उतरे। तमिलनाडु ने राजस्थान को पहली पारी में 363 रन पर आउट कर दिया। भारतीय टेस्ट टीम के एक अन्य खिलाड़ी वाशिंगटन सुंदर ने 2 विकेट झटके। उन्होंने 23 ओवर में 58 रन देकर 2 विकेट लिए। वाशिंगटन ने कार्तिक शर्मा और चेतन शर्मा को आउट किया।

रिंकू सिंह-माधव कौशिक के शतक



रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप ए के पहले मैच में यूपी ने बिहार के खिलाफ बेहतरीन आगाज किया है। उत्तरप्रदेश की टीम ने बिहार के खिलाफ मैच की पहली पारी में 540 रन बनाए। ओपनर माधव कौशिक ने 150 रन की पारी खेली। वहीं मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने 112 रन की बेहतरीन पारी खेली। मुकाबले के पहले दिन यूपी की टीम ने 3 विकेट पर 287 रन बनाए थे। दूसरे दिन टीम के लिए आराध्य यादव (84) और जीशान अंसारी (58) ने अच्छी पारियां खेलीं। अंत में अभिनंदन सिंह ने 30 गेंद पर 43 रन बनाते हुए स्कोर 540 रन तक पहुंचा दिया। यूपी ने कुल 153.1 ओवर बल्लेबाजी की। बिहार के गेंदबाजों को टीम ने पूरी तरह थका दिया। बिहार के लिए इस पारी में अमोद यादव ने सर्वाधिक चार विकेट लिए। उन्होंने 29.1 ओवर डालते हुए 6 मेडन के साथ 91 रन दिए और चार सफलताएं हासिल कीं।

रणजी ट्रॉफी में हरियाणा दूसरे दिन मजबूत स्थिति में

अंकित और यशवर्धन दलाल ने जमाए शतक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

चौधरी बंसीलाल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी मुकाबले के दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक हरियाणा की टीम ने अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। स्टंप्स तक हरियाणा ने अपनी पहली पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 178 रन बना लिए हैं और वह मेहमान टीम के स्कोर से अब केवल 75 रन दूर है। इससे पहले, हिमाचल प्रदेश की पहली पारी 113.4 ओवरों में 253 रन पर सिमट गई। हिमाचल की ओर से मध्यक्रम के बल्लेबाज आकाश वशिष्ट ने संकट मोचन की भूमिका निभाते हुए शानदार शतकीय पारी खेली। उन्होंने 227 गेंदों का सामना करते हुए 11 चौकों और 1 छक्के की मदद से नाबाद 113 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान पुखराज मान ने 30 और ऋतिक कालिया ने 28 रनों का योगदान दिया। हरियाणा के लिए घातक गेंदबाजी करते हुए तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने 27 ओवरों में 55 रन देकर 4 महत्वपूर्ण विकेट झटके। पार्थ वत्स ने 2, जबकि अमन कुमार और सामंत जाखड़ को 1-1 सफलता मिली। जवाब में, हरियाणा की शुरुआत सधी हुई रही। सलामी बल्लेबाज अंकित कुमार ने 7 चौकों की मदद से 59 रनों की शानदार पारी खेली। दिन का खेल खत्म होने पर यशवर्धन दलाल 69 रन और ऑलराउंडर पार्थ वत्स 33 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं। दोनों बल्लेबाज तीसरे दिन पारी को आगे बढ़ाएंगे। हिमाचल की ओर से गेंदबाजी में आर्यमन सिंह ने शुरुआती झटके देते हुए 3 विकेट अपने नाम किए, जबकि अर्पित गुलेरिया को 1 सफलता मिली। मैच के तीसरे दिन हरियाणा की नजरें पहली पारी में बढ़त हासिल करने पर टिकी होंगी।

खबर संक्षेप



कार्ट रिपब्लिक से जुड़ी 11 वर्षीय रेसर अतिका

सिंगापुर। भारतीय रेसिंग सनसनी अतिका मीर को एफवन ड्राइवरों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली कार्ट रिपब्लिक (केआर) टीम ने अनुबंधित किया है। यह इटली के दिग्गज डिनो चिएसा की टीम है, जिन्होंने लुई हैमिल्टन सहित कई फॉर्मूला वन विश्व चैंपियन के करियर को आगे बढ़ाने में मदद की है। भारत की 11 वर्षीय रेसर अतिका ने यूरोप में कई कार्टिंग सीरीज में अपने प्रदर्शन से चिएसा को प्रभावित किया और उन्होंने अब सत्र के बीच केआर से जुड़ने का फैसला किया है।

पाक ने श्रीलंका को हराकर सीरीज पर किया कब्जा

रावलपिंडी। पाकिस्तान ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाकर श्रीलंका को 82 रन से करारी शिकस्त दी और इस तरह से तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। माज़ सदाकत (96) और कप्तान साहिबजादा फरहान (73) दोनों को शुरू में जीवनदान मिले, जिसका फायदा उठाकर उन्होंने बड़ी पारियां खेली। इससे पाकिस्तान तीन विकेट पर 215 रन बनाने में सफल रहा, जो 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाए गए 6 विकेट पर 232 रन के बाद उसका टी20 में दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। श्रीलंका की टीम बड़े लक्ष्य के सामने लड़खड़ा गई और 7 विकेट पर 133 रन ही बना पाई।

वीनू मांकड़ ट्रॉफी: हरियाणा अंडर-19 टीम ने ओडिशा को सात विकेट से दी मात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुदुचेरी के सीएपी ग्राउंड-4 पर खेले गए वीनू मांकड़ ट्रॉफी एलीट ग्रुप के एक रोमांचक मुकाबले में हरियाणा अंडर-19 क्रिकेट टीम ने ओडिशा अंडर-19 को 7 विकेट से करारी शिकस्त दी है। हरियाणा के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट में अपनी धमाकेदार जीत दर्ज की है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ओडिशा की टीम ने सधी हुई शुरुआत की और 47.4 ओवर में 263 रन बनाकर ऑल आउट हो गई. ओडिशा की ओर से सुभासिस मल्लिक ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 117 गेंदों पर 12 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 114 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। इसके अलावा शुभम पलाई ने 58 रनों का अहम योगदान दिया। हरियाणा की तरफ से गेंदबाजी आक्रमण में सिद्धार्थ दलाल, कर्तव्य जगदेव और प्रक्षित राठी ने घातक गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 3-3 विकेट झटके, जिससे ओडिशा की पारी बड़े स्कोर तक नहीं पहुंच सकी। 264 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरियाणा की टीम की शुरुआत भी मजबूत रही। टीम ने 46.3 ओवरों में मात्र 3 विकेट खोकर आसानी से 264 रन बना लिए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। कप्तान और स्टार बल्लेबाज निधिष गौड़ ने कप्तानी पारी खेलते हुए नाबाद 113 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। उनका बखूबी साथ निभाते हुए संदीप परिहार ने ताबड़तोड़ 63 रन जोड़े, जिसमें 4 चौके और 4 छक्के शामिल थे। इसके अलावा अर्जुन वीर सिंह ने 24 और गौरिश दहिया ने नाबाद 22 रनों का योगदान दिया। ओडिशा के गेंदबाजों में राज यादव और जोगेश्वर बाग को 1-1 सफलता मिली।

कप्तान निधिष का शतक



निधिष गौड़



प्रक्षित राठी

शंघाई मास्टर्स : राफेल जोडर ने की जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी

राफेल ने लेहेका के खिलाफ दर्ज की जीत, पहुंचे चौथे राउंड में

एजेंसी ▶▶ शंघाई

शंघाई मास्टर्स 1000 के तीसरे राउंड में राफेल जोडर ने जिरी लेहेका के खिलाफ 4-6, 7-6(2), 6-4 से जीत दर्ज करते हुए चौथे राउंड में जगह बनाई। जोडर ने इस सीजन की अपनी 40वीं जीत हासिल करते हुए अपने पहले एटीपी टूर पर लगातार प्रभावित किया है। 20 वर्षीय खिलाड़ी इस सीजन में किसी एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के चौथे राउंड में पांचवीं बार पहुंचा है। जोडर ने लगातार 5 इवेंट्स में ऐसा किया, जिससे वे 2007 में नोवाक जोकोविच के बाद ऐसा करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए।



जिरी की सर्विस रही शानदार : जोडर

मैच के बारे में जोडर ने कहा, डटे रहना, यही वह बात है जिस पर उन्हें सबसे ज्यादा गर्व है। आज के हालात में खेलना बहुत मुश्किल था। जिरी ने शुरू से आखिर तक बहुत अच्छा खेला और उनकी सर्विस भी शानदार रही। आज यह मैच जीतने के लिए मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ देना पड़ा। जोडर भी एटीपी फाइनल्स के दावेदार बन गए हैं। वह अभी 'एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन' में 11वें नंबर पर हैं।


ला लीगा: रेसिंग सैंटेंडर ने 2-2 पर रोका मुकाबला

पहले ही मिनट में गोल, फिर भी जीत से चूका वैलेंसिया

एजेंसी ▶▶ सैंटेंडर

वैलेंसिया सीएफ ने ला लीगा के मैचडे 8 में रियल रेसिंग सैंटेंडर के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला। इस मुकाबले में वैलेंसिया के लिए दानी राबा और डेविड ओटोरबी ने गोल किए। वैलेंसिया ने मैच की शानदार शुरुआत की और मुकाबला शुरू होने के एक मिनट के भीतर ही बढ़त हासिल कर ली। जेवियर एगुइरे की टीम के लिए दानी राबा ने हाल ही में प्रमोट हुई रेसिंग सैंटेंडर के खिलाफ शुरुआती गोल दागा।

हालांकि, मेजबान टीम ने 32वें मिनट में वापसी की। इनिगो विसेंट ने शानदार मूव बनाते हुए यासिर जबिरी को गोल करने का मौका दिया, जिसे उन्होंने भुनाकर स्कोर 1-1 कर दिया। हालांकि, वैलेंसिया के युवा सब्स्टीट्यूट डेविड ओटोरबी ने 65वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को 2-2 से ड्रॉ दिलाया।



घरेलू मैदान में जीता रियल बेटिस

एक अन्य मैच में इस्को ने दो गोल किए और रियल बेटिस ने अपने घरेलू मैदान पर ओसासुना को 5-2 से हराया, जिससे वे ला लीगा में तीसरे स्थान पर पहुंच गए और टॉप पर चल रही बार्सिलोना से पांच अंक पीछे हैं। ओसासुना के डिफेंडर उनाई सैंटोस के फाउल करने के बाद इस्को ने दसवें मिनट में पेनल्टी स्पॉट से गोल करके खाता खोला और 31वें मिनट में कुचो हर्नांडिज की मदद से एज अब्दे ने बेटिस की बढ़त को दोगुना कर दिया। हाफ टाइम के तीन मिनट बाद बेटिस 3-0 से आगे हो गई जब एंटे बुदिमिर का क्लीयरेंस का प्रयास डिएगो लोरेंटे से टकराकर नेट में चला गया, लेकिन बुदिमिर और बेटिस के पूर्व फॉरवर्ड राउल गार्सिया के तेज गोल ने ओसासुना को मुकाबले में वापस ला दिया।

रियल सोसिदाद ने कोरुना की वापसी को किया नाकाम

रियल सोसिदाद ने दूसरे हाफ में डेपोर्टिवो ला कोरुना की जबरदस्त वापसी की कोशिश को नाकाम करते हुए अपने घरेलू मैदान पर 3-2 से जीत हासिल की, जबकि मैच के आखिर में उनके पास दस खिलाड़ी ही बचे थे। टीम को शुरुआती बढ़त जॉन मार्टिन ने दिलाई, जिन्होंने कार्लोस सोलर के कॉर्नर पर शानदार हेडर लगाकर गोल किया। इसके बाद आर्सेन जखार्यान ने 34वें मिनट में गोल कर बढ़त 2-0 कर दी। सोसिदाद ने अपनी बढ़त और मजबूत कर ली जब गोंकालो गुएडेस ने हाफवे लाइन से शानदार दौड़ लगाते हुए बाएं पैर से बेहतरीन गोल दागा और स्कोर 3-0 कर दिया। हालांकि, डेपोर्टिवो ने हार नहीं मानी और वापसी की कोशिश जारी रखी।

आईसीसी ने लगाई पॉवेल और रदरफोर्ड को फटकार: **नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के क्रिकेटर रोवमैन पॉवेल और शेरफेन रदरफोर्ड को शुक्रवार को भारत के खिलाफ रांची में खेले गए दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के दौरान आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए फटकार लगाई गई है। दोनों खिलाड़ियों के खाते में एक-एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है, जो पिछले 24 महीनों में दोनों का पहला उल्लंघन है।

कार्यालय, नगर पंचायत धरमजयगढ़ जिला - रायगढ़ (छ.ग.)

क्र. 859 / लो.नि.वि/न.पं./2026-27 धरमजयगढ़ दिनांक 12/10/2026

।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पंचायत, धरमजयगढ़, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सि.नि.क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत राशि रू. (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	201412 (2nd call)	Construction of Sports Complex (At Ward No. 09 Deepnagar)	RS. 234.00 (SOR 231.20 + NON SOR 2.80)	27.10.2026
2	201420 (2nd call)	NEHRU GARDEN EXTENSION AND RENOVATION (AT WARD NO. 10 NARAITIKRA)	RS. 195.74 (SOR 183.45 + NON SOR 12.29)	27.10.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & www.cguad.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत धरमजयगढ़
जिला - रायगढ़ (छ.ग.)



खबर संक्षेप

अंतरराष्ट्रीय लवी मेला 11 नवंबर से

शिमला। हिमाचल प्रदेश के ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय लवी मेले की तैयारियों को लेकर आयोजन



समिति की बैठक उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में रामपुर में आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अंतरराष्ट्रीय लवी मेला-2026 इस वर्ष 11 से 14 नवंबर तक आयोजित होगा। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ खेल, पारंपरिक बाजार, स्थानीय उत्पादों, पशुपालन और जन-जागरूकता से जुड़ी गतिविधियां भी होंगी।

भारतीय सेना और एफसीआई के बीच 'भारत राइस' कार्यक्रम को लेकर हुआ एमओयू

ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियान या युद्ध के हालात में एफसीआई से सीधे होगी सेना को चावल की आपूर्ति

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पिछले साल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान के खिलाफ कम समय में की गई ऑपरेशन सिंदूर की सैन्य कार्रवाई हो या आपातकालीन परिस्थितियों के बीच दुश्मन के साथ शुरू हुआ कोई युद्ध हो। अब भारतीय सेना के जवानों के लिए पौष्टिक आहार की कभी कोई कमी नहीं रहेगी। क्योंकि सोमवार को इस बाबत सेना और भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के बीच 'भारत राइस' नामक शानदार कार्यक्रम का शुभारंभ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर किया गया है। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय उपभोक्ता मामले और खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण के मंत्री प्रह्लाद जोशी सहित सेनाप्रमुख जनरल धीरज सेठ, एफसीआई, एनएएफडी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान के माध्यम से यह जानकारी साझा की है।

वायुसेना, बीआरओ की दी मिसाल: उन्होंने उदाहरण दिया कि जैसे लड़ाकू विमान एक्सप्रेसवे पर उतर रहे हैं, बीआरओ की बनाई सड़कों का इस्तेमाल स्थानीय आबादी भी करती है। ठीक उसी तरह से एफसीआई के गोदाम केवल खाद्य भंडारण तक सीमित नहीं रहेंगे। अब वे सेना की आपूर्ति श्रृंखला का अभिन्न अंग बन जाएंगे। राजनाथ के मुताबिक, जब सैनिक सीमाओं की निगरानी करते हैं, तो उन्हें विश्वास होना चाहिए कि पूरा देश उनके साथ खड़ा है।



पांच वर्ष तक मान्य रहेगा एमओयू

मंत्रालय ने कहा, एमओयू 60 महीने यानी 5 साल तक वैध रहेगा। बाद में इसे आपसी सहमति से आगे बढ़ाया जा सकता है। उच्च-गुणवत्ता वाले इस चावल को मानक विनिर्देशों के मुताबिक उपलब्ध कराया जाएगा। संकटकाल में इसकी एफसीआई के गोदाम से सीधे सेना तक आपूर्ति की जाएगी। बल के सुदूर क्षेत्रों लद्दाख और उत्तर पूर्व के डिपो भी इस कवायद में शामिल किए गए हैं।

चुनौती के समय यूं जरूरी मजबूत व्यवस्था

उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का विशेष तौर पर उल्लेख करते हुए बताया, भविष्य में होने वाले संघर्षों के समय पर चेतावनी का समय कम हो सकता है। ऐसे परिदृश्य के मध्य युद्ध में तकनीक का बड़े पैमाने पर शामिल होना हमारी तैयारियों के अलावा रसद श्रृंखलाओं, आपूर्ति नेटवर्क की मजबूती को चुनौती दे सकते हैं। इसलिए सैन्य अभियानों को बेरोकटोक जारी रखने के लिए रसद व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाना बेहद आवश्यक है। उक्त एमओयू इसी दिशा में उठाया गया एक अहम कदम है।

भारत को इतना शक्तिशाली बनाना है कि कोई भी देश हम पर अनैतिक व अवांछित शर्त न थोप सके



कार्यक्रम में सामूहिक तस्वीर ली गई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि भारत का लक्ष्य विश्व का सबसे शक्तिशाली राष्ट्र बनना है, लेकिन दूसरों पर प्रभुत्व स्थापित करने के लिए नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई देश उस पर अनैतिक शर्तें न थोप सके। प्रत्येक राष्ट्र की संप्रभुता और आत्मसम्मान का सम्मान होना चाहिए तथा देशों को एक-दूसरे की क्षेत्रीय सीमाओं का अतिक्रमण करने से बचना चाहिए। उन्होंने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण, मजबूत नीतियों और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप रणनीति बनाने पर जोर दिया।

बीते तीन दिनों में भारतीय नाविक वाले 3 जहाजों पर हुए हमले

होर्मुज के पास जहाज पर हमला: 2 भारतीय लापता भारत ने कहा- तत्काल रोकें, हम बर्दाश्त नहीं करेंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में एमटी पेट्रो डॉल्फिन और एमटी वैल्थेरा पर हुए हमलों की भारत ने निंदा की है। पेट्रो डॉल्फिन पर ड्रोन हमले के बाद 11 भारतीय नाविकों में से नौ को बचा लिया गया, जबकि दो लापता हैं। भारत ने तत्काल तनाव कम करने, बातचीत के जरिए संघर्ष का समाधान निकालने और अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों पर सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने की मांग की है। होर्मुज के आसपास समुद्र में व्यावसायिक जहाजों पर लगातार हो रहे हमलों को लेकर भारत ने कड़ा रुख अपनाया है। 11 अक्तूबर 2026 को दो टैंकरों एमटी पेट्रो डॉल्फिन और एमटी वैल्थेरा पर हुए हमलों की भारत सरकार ने निंदा की है।

इनमें से एक जहाज पर ड्रोन से हमला हुआ, जबकि दूसरे पर अज्ञात चीज से हमला किया गया, जिससे उसमें आग लग गई। पेट्रो डॉल्फिन पर सवार 11 भारतीय नाविकों में से नौ को सुरक्षित बचा लिया गया है, लेकिन दो अब भी लापता हैं। वहीं, वैल्थेरा पर सवार सभी 11 भारतीय नाविक सुरक्षित बताए गए हैं। विदेश मंत्रालय ने इस पूरे घटनाक्रम पर चिंता जताते हुए कहा है कि इलाके में तनाव तुरंत कम होना चाहिए और जारी संघर्ष का हल बातचीत और कूटनीति के जरिए निकाला जाना चाहिए।

> हमले के पीछे कौन है, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है भारत सरकार जहाज से जुड़ी कंपनी के संपर्क में है

भारतीय क्रू वाले जहाज एमटी पेट्रो डॉल्फिन पर ड्रोन से हमला हुआ

11 भारतीय नाविकों में से 9 को बचा लिया गया, जबकि 2 अब लापता



धमाके के बाद जहाज में आग ही आग

अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने की पहल

भारत व्यावसायिक जहाजों और उन पर काम करने वाले नाविकों की सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग मजबूत करने की भी वकालत कर रहा है। इसी दिशा में भारत और लाइबेरिया ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र के दौरान 'ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स ऑन सेफ्टी एंड सिक्योरिटी ऑफ शिपिंग एंड सीफेरर्स' की शुरुआत की थी। इस पहल का मकसद समुद्री क्षेत्र से जुड़े देशों और संबंधित पक्षों के बीच तालमेल बढ़ाना है, ताकि जहाजों और नाविकों की सुरक्षा को वैश्विक चर्चाओं में प्राथमिकता मिल सके। भारत का जोर है कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री रास्तों पर व्यापार सुरक्षित रहे और नाविकों की जान को खतरे में डालने वाली घटनाओं को रोकने के लिए मिलकर काम किया जाए।

लैंसेट' की रिपोर्ट में बड़े खुलासे

साल 2100 तक खत्म हो सकती है पूरी दुनिया

रिपोर्ट में भारत का जिक्र
बन सकते हैं गंभीर खतरे

- इंसानों की विलुप्ति के पीछे क्या हो सकती है वजह
- एआई का दुर्भावनापूर्ण इस्तेमाल सहित 17 कारणों को रेखांकित किया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रसिद्ध मेडिकल पत्रिका 'द लैंसेट' की एक नई वैश्विक अध्ययन रिपोर्ट ने चेतावनी जारी करते हुए बताया है कि यदि समय रहते ठोस उपाय नहीं किए गए, तो वर्ष 2100 तक इंसानियत के अस्तित्व पर गंभीर संकट छा सकता है। 'लैंसेट द्वारा जारी इस अध्ययन में अगले 75 वर्षों के दौरान वैश्विक आबादी को खतरे में डालने वाले 17 प्रमुख कारकों को रेखांकित किया गया है। रिपोर्ट में परमाणु संघर्ष, एआई के खतरनाक दुरुपयोग और जैविक हथियारों के फैलाव को इंसानी वजूद के लिए सबसे बड़ा खतरा करार दिया गया है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इन विनाशकारी संकटों से रक्षा के लिए दुनिया भर के देशों को अपनी रणनीतियों में तत्काल बदलाव लाना होगा।

ये प्रभाव कारक

बच्चों के कुपोषण, पारंपरिक युद्ध, अंतरराष्ट्रीय मदद में कटौती, शराब का ज्यादा सेवन, हाई ब्लड प्रेशर, आय में असमानता, शिक्षा का कम स्तर, प्राकृतिक महामारी, मोटापा, खराब मानसिक स्वास्थ्य, धूम्रपान, अस्वस्थ बुढ़ापा।

ट्रंप जूनियर की पूर्व मंगेतर की बढ़ी मुश्किलें

न्यूयॉर्क। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप, गलत व्यवहार की कई खबरों के बाद किम्बर्ली गिल्फॉइल को ग्रीस



में अमेरिकी राजदूत के पद से हटाने पर विचार कर रहे हैं। ट्रंप उन खबरों पर नजर रख हैं जिनमें दावा किया गया है कि गिल्फॉइल, जो चार साल तक ट्रंप के सबसे बड़े बेटे डोनल्ड ट्रंप जूनियर की मंगेतर थीं, ने राजदूत को तौर पर महंगे तोहफे लिए और अपनी नियुक्ति की पुष्टि होने से पहले प्रशासन के लोगों से मिलवाने के बदले पैसे मांगे। गिल्फॉइल के वकीलों ने पैसे मांगने के आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि उनकी यात्रा के बारे में खबरें गुमराह करने वाली हैं।

बिम्सटेक की बैठक आज

बांग्लादेश के गृह मंत्री ने भारत आने से किया इनकार

एजेंसी ⏭ ढाका



भारत और बांग्लादेश के बीच जारी कूटनीतिक तनाव के बीच बांग्लादेश के गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने नई दिल्ली में आज मंगलवार को आयोजित होने वाली बिम्सटेक गृह मंत्रियों की पहली बैठक से दूरी बना ली है। उनकी अनुपस्थिति में अब ढाका का प्रतिनिधित्व एक वरिष्ठ ब्यूरोक्रेट के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल करेगा। यह दो दिवसीय बैठक सोमवार को सदस्य देशों के गृह और आंतरिक मंत्रालयों के अधिकारियों के विचार-विमर्श के साथ शुरू हुई।

ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट क्रैश, दो की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी सेना का एक ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया है। जानकारी के मुताबिक इस एयरक्राफ्ट में सवार दो पायलटों की मौत हो गई है। पाकिस्तानी सेना ने इस हादसे के बारे में जानकारी दी। सेना ने बताया कि तकनीकि खराबी के कारण पाकिस्तान आर्मी एविएशन का मुशशक ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया। हादसे के बाद पाकिस्तान के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दुख व्यक्त किया है।

दिल्ली-राजस्थान में भारी बारिश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में भारी बारिश के बाद तापमान गिरकर इस महीने के अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया और इसके साथ ही सोमवार को पिछले चार साल के मुकाबले अक्टूबर में एक दिन में सबसे अधिक बारिश हुई। वहीं, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि अगले दो-तीन दिन में दक्षिणी प्रायद्वीप में पूर्वोत्तर मानसून के दस्तक देने की अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं। आईएमडी के मुताबिक, "पंद्रह से 18 अक्टूबर के दौरान केरलम एवं माहे, तटीय और दक्षिणी आंतरिक कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल तथा तटीय आंध्र प्रदेश में कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने का अनुमान है।" जबकि रायलसीमा में 15 और 16 अक्टूबर को ऐसी ही स्थिति रह सकती है। एक नए परिसंचरण तंत्र के असर से राजस्थान के कई जिलों में बारिश हुई है।

हूतियों पर रियाद के हवाई अड्डे पर मिसाइल हमला करने का था आरोप

मक्का रक्षा समझौते के सक्रिय होने से बढ़ा क्षेत्रीय तनाव

सऊदी अरब की मदद पर भड़का ईरान, पाकिस्तान और तुर्की को यमन से दूर रहने की दे डाली चेतावनी

एजेंसी ⏭ तेहरान

सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्की के बीच रक्षा सहयोग बढ़ने से पश्चिम एशिया में तनाव गहराने लगा है। ईरान ने इस समझौते की आलोचना करते हुए पाकिस्तान और तुर्की को यमन के मामलों में हस्तक्षेप से दूर रहने की चेतावनी दी है। तेहरान की नाराजगी की प्रमुख वजह सऊदी अरब को मिल रही सैन्य मदद और यमन के हूती विद्रोहियों के खिलाफ तेज होते हवाई हमले हैं। हूती विद्रोहियों को ईरान का करीबी सहयोगी माना जाता है। ईरान ने पाकिस्तान की अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थ की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बीते सप्ताह यमन के हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद के हवाई अड्डे पर मिसाइल हमला किया था।

तेहरान ने यमन में दखल के गंभीर परिणाम भुगतने की दी चेतावनी





समझौते को बताया कागजी खानापूर्ति

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने पड़ोसी देशों से आत्मनिर्भरता और वास्तविक भाईचारे पर आधारित नीति अपनाने की अपील की। वहीं, ईरानी संसद के राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति आयोग के सदस्य अहमद बख्शायेश ने समझौते को कागजी करार दिया। ईरानी नेता अलाउद्दीन बोरुजेर्दी ने पाकिस्तान और तुर्की को इतिहास से सीखने की सलाह देते हुए कहा कि यमन में वर्षों तक चले युद्ध के अनुभव को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ईरानी सांसद इब्राहिम रेजाई ने कहा कि सऊदी अरब को बाहरी देशों के साथ समझौते करने के बजाय अपनी नीतियों में सुधार करना चाहिए। उधर, सांसद अहमद नादेरी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि यमन के खिलाफ युद्ध में सऊदी अरब का साथ देने से पाकिस्तान की छवि प्रभावित हो सकती है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28